चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 140, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 18 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'बिपरजॉय' से सबने डटकर किया मुकाबला

## बिपरजॉय से जनहानि रहित बचाव कार्य टीम वर्क का क्लासिक उदाहरण: शाह



**भुज/अहमदाबाद।** केन्द्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में बिपरजॉय चक्रवाती तूफान से राहत और बचाव कार्य पर संतोष जताते हुए राज्य सरकार की जमकर सराहना की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र कर कहा कि उन्होंने रात के एक-एक बजे तक छोटी-छोटी बातों को लेकर सचेत किया।

शाह ने कहा कि चक्रवाती तूफान से निपटने में मुख्यमंत्री से लेकर गांव के पटवारी, आम लोग से लेकर प्रधानमंत्री और चुने हुए जनप्रतिनिध, संस्थाओं के बलबूते कम से कम नुकसान के साथ इस चक्रवाती तूफान का सामना किया जा सका है।

इससे पूर्व भुज कलक्टर कार्यालय में राज्य सरकार के मंत्री, अधिकारियों, विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ केन्द्रीय मंत्री शाह ने हाइब्रिड मोड में रिव्यू मीटिंग की। शाम में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि 6 जून को जब बिपरजॉय चक्रवाती तूफान का समाचार आया तब से बहुत सारी आशंकाएं थी, लेकिन सजगता के साथ समय पर मिली सूचना का कैसे उपयोग कर टीम वर्क से लोगों के जानमाल की सुरक्षा की जा सकती है, इसका यह क्लासिक उदाहरण है। हवा की 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ जब साइक्लोन लैंड करता है, इसके बावजूद एक भी व्यक्ति की जान नहीं जाना, मन को संतोष और आनंद प्रदान करता है। साथ ही उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री समेत पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने बताया कि चक्रवात में सिर्फ 47 लोग घायल हुए हैं, इनमें एक भी ऐसा नहीं जिसे स्थाई अपंगता हुई हो। वहीं 234 पशुओं की मौत हुई है।

**20 जून तक सभी को घर वापस कराएंगे:** शाह ने बताया कि प्रोटोकॉल के अनुसार जब भी 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से हवा बहती है ।



## राजस्थान: बिपरजॉय से बाढ़ के हालात

**जयपुर। चक्रवाती** तूफान 'बिपरजॉय' के कारण पश्चिमी राजस्थान के जालोर, सिरोही और बाड़मेर जिलों समेत आस-पास के अन्य क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। इन इलाकों में शुक्रवार देर रात से ही आंधी के साथ मूसलाधार बारिश हो रही है। शनिवार को भी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहा। एहतियात के तौर पर बाड़मेर जिले की 174 ग्राम पंचायत के करीब 500 गांवों में ब्लैकआउट किया गया है। सिरोही जिले के माउंट आबू में बारिश को देखते हुए ट्रेकिंग, सनसेंट पॉइंट, ट्रेवर्स टैंक समेत ऊंचाई वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया है। तेज बारिश के कारण गुरु शिखर वाले रास्तों को भी बंद किया गया है। जोधपुर शहर की डर्बी कॉलोनी में पानी का भराव हो रहा है। प्रशासन पंप लगाकर पानी खाली करवा रहा है। बारिश के कारण डूंगरपुर जिले के 25 गांवों में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई है। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश बाड़मेर के सेड़वा और सिरोही के माउंट आबू में 5-5 इंच मापी गई। सिरोही में बीती रात से अब तक 27 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जोधपुर, जालोर, उदयपुर, बांसवाड़ा, अजमेर, भीलवाड़ा, बीकानेर, जैसलमेर, टोंक, राजसमंद समेत अन्य जिलों में भी एक से लेकर 30 मिमी तक बारिश मापी गई। पाली के जैतारण थाना क्षेत्र में 11 केवी बिजली की लाइन का तार गिरने से बांजाकुडी गांव की 16 साल की पूजा कुमावत की मौत हो गई। हादसे में एक बछड़ी भी करंट से झुलस कर मर गई। मौसम विभाग ने बाड़मेर, जालोर, सिरोही और पाली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

# रेल मंत्री ने कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया




**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय और नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को सभी निवारक उपाय करने का निर्देश दिया ताकि भविष्य में बालासोर जैसी घटना की पुनरावृत्ति से बचा जा सके। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे डिवीजनल कंट्रोल रूम ट्रेन संचालन का तंत्रिका केंद्र है। उन्होंने कहा कि डिवीजनल कंट्रोल सिस्टम प्राइमरी ऑपरेशंस को मैनेज करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण सिस्टम है, इसलिए दिल्ली डिवीजन कंट्रोल सिस्टम्स को कैसे अपग्रेड किया जाए और देश भर में कंट्रोल सिस्टम को और आधुनिक बनाया जाए, इसको लेकर आज बातचीत की।

इस अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, दिल्ली मण्डल के रेल प्रबंधक डिंपी गर्ग एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# इस्लाम विरोधी नहीं है समान नागरिक संहिता

## सौहार्द, समरसता, भाईचारा, एकता और अखंडता के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का संकल्प

**नई दिल्ली: वन** नेशन, वन पीपल, वन लॉ यानी कॉमन सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच देशभर में जोरदार मुहिम चलाएगा। इसके लिए मंच के कार्यकर्ता देशभर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (एमआरएम) की शनिवार को दिल्ली में हुई महत्वपूर्ण बैठक में इसकी घोषणा की गई और आगामी योजना पर भी विचार विमर्श हुआ। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंद्रेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मोहम्मद अफजाल, शाहिद अख्तर, गिरीश जुयाल, ताहिर अब्बास, एसके मुद्दीन, अबू बकर नकवी, विराग पाचपोर, इस्लाम अब्बास, माजिद तालिकोटी, रजा हुसैन रिजवी,



इरफान अली, शालिनी अली, रेशमा हुसैन, शहनाज अफजाल, खुर्शीद रजाका, शिराज कुरैशी, फैज खान, बिलाल उर रहमान, फारूक खान, अल्तमश बिहारी समेत मंच के सभी राष्ट्रीय संयोजक, क्षेत्रीय संयोजक, प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सह संयोजकों के साथ-साथ कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या ऑनलाइन भी शामिल हुई। बैठक में 400 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए। एमआरएम के मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने बताया कि यह तय हुआ है कि देशभर में कार्यकताओं का समूह लाखों परिवार के बीच पहुंचेगा और सौहार्द, समरसता, भाईचारा, एकता, अखंडता की पुरजोर कोशिशें करते हुए समान नागरिक संहिता को शक्तिशाली और खुशहाल देश की जरूरत बताएगा। मंच के अधिकारियों और कार्यकताओं में पूर्ण सहमति देखी गई जब यह मुद्दा उठा कि इस साजिश को मुसलमानों को समझना चाहिए कि आखिर आजादी के 75 वर्षों बाद भी वे सर्वाधिक पिछड़े क्यों हैं जबकि 60 वर्षों तक तो तथाकथित सेकुलर दलों और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली सरकारें रहीं?

# उत्कृष्ट जल प्रबंधन के लिए एमपी को मिला पुरस्कार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश को जल संसाधन के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी का प्रथम राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह देश का चौथा राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मध्य प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्र को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को आयोजित समारोह में प्रथम पुरस्कार के प्रशस्ति-पत्र और ट्रॉफी से सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जलशक्ति राज्यमंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और बिश्वेश्वर टुडु भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में 11 विभिन्न श्रेणी में 41 विजेताओं को सम्मानित किया गया। जनसम्पर्क अधिकारी जकिया रूही ने बताया कि इंदौर नगर निगम को जल आपूर्ति तथा वितरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय श्रेणी के द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और अपर आयुक्त सिद्धार्थ जैन को प्रशस्ति-पत्र, ट्रॉफी और एक लाख 50 हजार रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

## "80 हराओ-भाजपा हटाओ" के नारे के साथ सपा लड़ेगी उप्र में लोकसभा चुनाव

# पीडीए की एकता भाजपा गठबंधन पर पड़ेगा भारी : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सन् 2014 में सत्ता में जैसे आई थी सन् 2024 में उसकी वैसे ही यूपी से विदाई होगी। हमारा नारा है "80 हराओ-भाजपा हटाओ"। इसलिए सन् 2024 में "पीडीए" पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों की एकता एनडीए-भाजपा गठबंधन पर भारी पड़ेगी। सन् 2024 में महंगाई, बेरोजगारी, गरीब का सम्मान और उसे न्याय तथा सुविधाएं दिलाना बड़ा मुद्दा होगा। गरीब, किसान, नौजवान



भाजपा के खिलाफ वोट करेगा। अखिलेश यादव का यह भी कहना है कि विपक्षी एकता का फामूर्ला यही हो सकता है कि जो दल जिस प्रदेश में मजबूत हो उसको आगे करके ही बाकी दल चुनाव लड़ें। चुनाव और एकता के लिए बड़े दिल की जरूरत होती है। जो दल भाजपा को हराना चाहते हैं वे समाजवादी पार्टी का साथ देने में बड़ा दिल दिखाएं। समाजवादी पार्टी का लक्ष्य भाजपा को प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हराना है। जनता बदलाव चाहती है। सपा अध्यक्ष ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार से क्या उम्मीद की जा सकती है। उनके 6 साल के कार्यकाल में न एक जिला चिकित्सालय बना, नहीं एक एयरपोर्ट बना। प्रदेश में निवेश आने की बड़ी उम्मीदें थी, हकीकत में निवेशक ढूंढे. नहीं मिल रहे हैं।

# सभी अमृत सरोवरों पर आयोजित होंगे योग दिवस के कार्यक्रम : केशव मौर्य

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम सभी अमृत सरोवरों पर आयोजित किया जाएगा। योग दिवस के दो दिन पूर्व से ही अमृत सरोवरों एवं गांवों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत सरोवरों पर योग करते हुए फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाएंगे। ऐसी व्यवस्था की जाएगी कि अमृत सरोवर ग्रामीण पर्यटन केंद्र के साथ "योगा केंद्र" के रूप में परिलक्षित हों। सेल्फी विद योग (अमृत सरोवर) को सोशल मीडिया में



जमकर पोस्ट करते हुए टैग किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को सुचारू एवं सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए उप मुख्यमंत्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश के सभी अमृत सरोवरों पर योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाय।

## शुक्रवार को योगी ने जताई थी नाराजगी, बिजली खरीदकर हर गांव तक पहुंचाने का दिया था निर्देश

# उप्र: बिजली व्यवस्था के लिए हर जोन को एक करोड़ रुपये आवंटित

**लखनऊ।** भयंकर गर्मी में उत्तर प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुचारु और बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार ने हर जोन को एक करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। शासन के इस निर्णय से अब आवश्यक कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होगी। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए ऊर्जा मंत्री और उप्र पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अध्यक्ष को तलब किया था। उन्होंने उस समय अधिकारियों को अतिरिक्त बिजली खरीदकर आम जनमानस को उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश भी दिए थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा था कि भीषण गर्मी के बीच हर गांव-हर शहर तक पर्याप्त



बिजली मिलनी चाहिए। जरूरत पड़े तो बिजली खरीदकर आपूर्ति की जाए। सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद यूपीपीसीएल ने यह कदम उठाया है।

**सभी डिस्कॉम को भेज गया पत्र:** यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने पूर्वांचल, पश्चिमांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचाल विद्युत वितरण निगम को इस संबंध में पत्र भेजकर सूचित किया है। निदेर्शों के साथ पत्र में लिखा गया है कि वर्ष 2022-23 के अंतर्गत बिजनेस प्लान के तहत विभिन्न कार्यों के लिए आपके निदेशक मंडल द्वारा बहुत पहले ही अनुमोदन दिया जा चुका है। इसी क्रम में आगे की कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजनेस प्लान के अंतर्गत विभिन्न आवश्यक कार्यों को करने के लिए आपके वितरण निगम के प्रत्येक जोनल मुख्य अभियंता को एक करोड़ रुपए तक व्यय करने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है ।

# शिक्षक अधिकार स्वरूप तबादले की नहीं कर सकते मांग: हाईकोर्ट

## उत्तर प्रदेश सरकार का असिस्टेंट टीचरों के तबादलों के लिए 2 जून को जारी नीति वैध करार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों के तबादला के लिए 2 जून, 2023 को जारी शासनादेश को सही ठहराते हुए टीचरों की याचिका खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि टीचर अधिकार स्वरूप तबादलों की मांग नहीं कर सकते। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा बेसिक एजुकेशन बोर्ड द्वारा टीचरों के तबादलों को लेकर बनाई गई नीति में उचित निर्णय लिया गया है और इस नीति में कोई त्रुटि अथवा कमी नहीं है। यह आदेश जस्टिस




अश्वनी कुमार मिश्रा एवं जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने याची कुलभूषण मिश्रा व अन्य की याचिका पर पारित किया है। याचिका दाखिल कर 2 जून 2023 को जारी।

खबर संक्षेप

## मानदेय न मिलने पर टोल कर्मियों का ठेकेदार के प्रति आक्रोश

**सहसों।** हड़िया- कोखराज नेशनल राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर स्थित भोपतपुर टोल प्लाजा पर कार्यरत संविदा कर्मचारी शनिवार को मानदेय नहीं मिलने से नाराज हो गए। भड़के हुए समस्त टोल कर्मी भोपतपुर स्थित नेशनल हाईवे कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने लगे। उसके बाद उन्होंने उधर से गुजरने वाली सभी गाड़ियों का टोल टैक्स फ्री कर दिया। कर्मचारियों का आरोप है कि उनको पिछले दो माह से मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते टोल प्लाजा के सभी कर्मी ठेकेदार के खिलाफ लामबंद होकर नारेबाजी करने लगे। नाराज कर्मचारियों ने सभी टोल बूथों को फ्री कर दिया। जिसके चलते सभी वाहनों का बिना टोल टैक्स दिए आवागमन शुरू हो गया। कर्मियों का आरोप है कि जब भी ठेकेदार से मानदेय की बात की जाती है। वह इधर उधर की बात करके मामले को अनसुना कर देते हैं।

# नीट क्वालीफाइड छात्र की फुफेरी बहन समेत सड़क दुर्घटना में मौत

**गांव में खुशियों पर पसरा मातम, बहन को दवा दिलाने शंकरगढ़ जा रहा था गौरव सिंह, ट्रक की चपेट में आने से हुआ हादसा, बाल-बाल बच गया मासूम**




**शंकरगढ़।** शनिवार की शाम हुए एक दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी फुफेरी बहन की मौत हो गई। जबकि साथ रहा तीन साल का भांजा हादसे में बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह पूरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और सभी घायलों को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचवाया। जहां पर डाक्टर्स ने बाइक सवार व उसकी फुफेरी बहन को मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ हादसे की खबर लगते ही रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए। समाचार लिखे जाने तक सीएचसी में परिजनों का जमावड़ा लगा हुआ था। पुलिस आगे की विधिक कार्यवाही कर रही थी। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ के देवरीबेनी निवासी बालेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत हैं। इन दिनों वह उत्तर प्रदेश की डायल-112 में प्रयागराज में स्थित यूनिट में सेवा दे रहे हैं। बालेंद्र सिंह के बेटे गौरव सिंह (23) ने चंद दिन पहले ही नीट का एग्जाम अच्छे नंबरों से क्वालीफाई किया था। गौरव सिंह की सफलता पर घर में खुशियों का माहौल था। घर-परिवार के साथ-साथ रिश्तेदार भी बधाई देने के लिए बालेंद्र सिंह के घर पहुंच रहे थे। पढ़ाई में मेधावी रहे गौरव सिंह के चयन पर बधाई देने के लिए फुफेरी बहन नम्रता सिंह उर्फ रेशू (28) पत्नी नारेंद्र सिंह (निवासी चिल्ला, परसौजा, चित्रकूट) भी देवरी बेनी आई थी। शनिवार की नम्रता सिंह के तीन वर्षीय बेटे बिक्कू की तबियत खराब हो गई थी। बेटे बिक्कू के लिए दवा लेने के नम्रता अपने भई गौरव सिंह के साथ शंकरगढ़ बाजार जा रही थी। शाम तकरीबन छह बजे नारीबारी-शंकरगढ मार्ग पर गौरव सिंह एक साइकिल वाले को बचाने के प्रयास में असंतुलित हो गया और एक ट्रक की चपेट में आ गया। जोरदार टक्कर लगने से दोनों भाई-बहन ट्रक की चपेट में आ गए, जबकि नम्रता की गोद में रहा तीन साल का बिक्कू छिटककर दूर जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर कोहराम मच गया। राहगीर मदद के लिए दौड़ पड़े। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गौरव सिंह और नम्रता सिंह को नहीं बचाया जा सका। तीन साल के बेटे बिक्कू का इलाज जारी है। सीएचसी शंकरगढ़ परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की जानकारी मृतका नम्रता के ससुरालियों व मायके पक्ष को दे दी गई है। लोगों के आने की प्रतीक्षा की जा रही है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में भारी हंगामे के बीच 257 शिकायतें मिली,17 का निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस मेजा का योजन एडीएम वित्त की अध्यक्षता में हुई,जिसमें संपूर्ण कार्यवाही भारी हंगामे के बीच संपन्न हुई।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 257 शिकायतें मिली,जिसमें राजस्व के 17 मामले को मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतों को एडीएम वित्त ने टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।संपूर्ण समाधान दिवस शुरू होने के बाद जैसे ही एडीएम वित्त कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे,उसके कुछ मिनट बाद ही बार मेजा अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में भारी संख्या में वकील पहुंचकर तहसीलदार को हटाने को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए तहसीलदार चोर है के नारे लगाने लगे।लगभग आधे घंटे तक चले शोर शराबे के बाद अंततः एडीएम द्वारा तहसीदार को तहसील दिवस से हटाने जाने के बाद वकील शांत हुए और कार्यवाही जारी हो गई।बस कुछ ही क्षणों बाद पिपरांव ग्राम पंचायत की महिला नीला देवी ने मेज को थपथपाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया।उसका आरोप था कि उसके गांव के कोटेदार द्वारा धांधली की जा रही है।शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई।वह ऊंची आवाज में चिल्ला कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।एडीएम ने आपूर्ति निरीक्षक श्याम मोहन को जांच के लिए निर्देश किया।शिकायतों के क्रम में राजस्व से 126,पुलिस से 50,विकास से 41,समाज से 2 और अन्य से 42 शिकायतें रहीं।जिसमें राजस्व के 17 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को टीम गठित कर एक सप्ताह में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार लालतारा राजेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह सिंह, नायब तहसीलदार मांडा सुलभ तिवारी, आपूर्ति निरीक्षक मेजा श्याम मोहन, प्रभारी निरीक्षक मेजा राजेश उपाध्याय,अधीक्षक सीएचसी मेजा ओमप्रकाश, एडीओ समाज सुशांतु पांडेय सहित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ईओ चैतन्य कुमार ने संभाला कार्यभार, पहली बैठक 22 को

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ में खाली चल रही ईओ की कुर्सी पर चैतन्य कुमार तिवारी की तैनाती की गई है। नगर निकाय चुनाव के दरम्यान ही यहां पर नवनीत कुमार को ईओ के रूप में भेजा गया था, लेकिन चंद दिनों के भीतर ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर ईओ का कार्यभार संभालने के बाद ईओ चैतन्य कुमार तिवारी ने बताया कि सर्व सर्वेक्षण अभियान के तहत नगर को साफ सुथरा बनाया जाएगा। नगर पंचायत शंकरगढ़ को जिले में नंबर एक बनाया जाएगा। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत की पहली बैठक 22 जून को होगी, जिसमें चेयरमैन के साथ-साथ सभी नवनिर्वाचित सभासद भाग लेंगे। इस बैठक में नगर के विकास पर चर्चा होगी और सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से कस्बे का विकास किया जाएगा। चार्ज ग्रहण करने के पश्चात ईओ ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ चेयरमैन की मौजूदगी में बैठक की। चेयरमैन पार्वती कोटार्य ने भी नगर की समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि ईओ चैतन्य कुमार तिवारी को यहां का अतिरिक्त चार्ज मिला है।

## मेराज आरिफ चौथी बार बने सपा के जिला उपाध्यक्ष बधाई देने वालो की लगी भीड़



**मऊआइमा।** मऊआइमा के समाजवादी पार्टी के मेराज आरिफ चौथी बार लगातार जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में जश्न का माहौल व्याप्त है तथा बधाई देने वालों की भीड़ लगी रही। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला मौलाना निवासी मेराज आरिफ चौथी बार सपा के जिला उपाध्यक्ष चुने जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। तथा मेराज आरिफ के लगातार चौथीबार जिला उपाध्यक्ष बनने पर नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ,नदीम इंतेखाब ,सुभाष यादव, जवाहर लाल यादव ,अय्यूब अंसारी, हरिश्चन्द्र ,छेदीलाल, अर्जुन सरोज ,रखशान आरिफ ,कमरुन हसन ,अफसार ,शमीम अख्तर ,अतुल आदि लोगों ने बधाई दी वही नगर पंचायत क्षेत्र में खुशी का माहौल है।




इफको के प्रबंध निदेशक डा.उदय शंकर अवस्थी का स्वागत करते इफको के अधिकारी व मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते प्रबंध निदेशक

## मां का बेटा हूं इसलिए महिलाओं का सम्मान करता हूं : डा. उदय शंकर अवस्थी

अखंड भारत संदेश

**इफको के प्रबंध निदेशक की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ सांस्कृतिक महोत्सव का कार्यक्रम**

**फूलपुर।** धरती के निर्माण के बाद मानव का विकास सूक्ष्म कणों से हुआ है जो की नैनो के फाम में थे। देश के तमाम ऐसे ऐतिहासिक स्थल जो की हजारों वर्ष पूर्व बने थे उसमें भी मानव के साथ हाथी, घोड़े की आकृतियां मिलती है। यह बातें शनिवार को फूलपुर इकाई में आयोजित 11वें अंतर इकाई सांस्कृतिक महोत्सव के अंतिम दिन इफको परिवार को सम्बोधित करते हुए प्रबंध निदेशक डा०उदय शंकर अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। महिलाओं के प्रति आदर भाव रखने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि मैं मां का बेटा हूं इसलिए महिलाओं का सम्मान करता हूं। उन्होंने इफको परिवार में आपसी सौहार्द की सराहना करते हुए कहा कि शायद ही कोई ऐसी संस्था हो जहां इतना बड़ा परिवार एक साथ बैठता हो। इसके पूर्व प्रबंध निदेशक डा०उदय शंकर अवस्थी के साथ ही इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने मां सरवस्ती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर मां का आशीर्वाद लिया। इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया, इफको अधिकारी संघ के अध्यक्ष सोनू तिवारी, महामंत्री स्वयं प्रकाश व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय व महामंत्री विनय यादव ने प्रबंध निदेशक को भव्य माला पहनाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। इफको इकाई के अधिकारियों ने प्रबंध निदेशक के साथ ही विभिन्न इकाइयों से आये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर इफको की विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों, पदाधिकारियों के साथ ही भारी संख्या में इफको परिवार मौजूद रहा।

## सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री का लक्ष्य है : सांसद

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** केंद्र में मोदी सरकार के नौ साल पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मोर्चा सम्मेलन संयुक्त मोर्चा का आयोजन शनिवार को एसएसडी कान्वेंट स्कूल चंपापुर प्रांगण में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद भदोही रमेश चंद्र बिंद भाजपा जिलाध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी एवं कार्यक्रम आयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।इस अवसर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद भदोही रमेश चंद्र बिंद ने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है केंद्रीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है 30 जून तक पूरे देश मे मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए अभियान चलेगा। जिलाध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी ने कहा कि पथ, आकार व दिशा बनाने में कई सदियां गुजर जाती हैं लेकिन, पिछले नौ वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है।गरीब कल्याण और गरीब सशक्तिकरण के लिए यह सरकार काम कर रही है। वंचितों को उनका अधिकार देने के लिए प्रधानमंत्री ने जंग छेड़ी है। सबका साथ सबका विश्वास के साथ संपूर्ण देश के विकास के लिए यह सरकार काम कर रही है। ब्लॉक प्रमुख शैलेश यादव ने कहा कि नौ वर्षों में हम इस लोग हर दिशा में काफी आगे बढ़ गए है अब भारत की पहचान आत्मनिर्भर देश के रूप में होती है।2014 से पहले भारत आर्थिक रूप से विकसित देशों में 11वें नंबर पर था, आज ब्रिटेन को पीछे छोड़कर पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनेगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता तोगड़िया ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा ईश्वरचंद बिंद, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पटेल, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, भदोही जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, मंडल अध्यक्ष गण आशुतोष त्रिपाठी, धर्मेंद्र पटेल राकेश पाल, कैलाश चंद्र तिवारी, मनोज सिंह आचार्य, दादे दुबे, आशुतोष पांडेय, कुशलेष दुबे, बबलू सिंह, अनिल पांडेय, संतोष पांडेय, बाबा शर्मा, अरुण दुबे, जय प्रकाश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, मयंक मिश्र, राजेश केसरवानी, आशीष भारतीय, रामकुमार भारतीय, सूर्यभान भारती अमित गुप्ता, विजय मौर्या, मनोज श्रीवास्तव, डॉ विजय शंकर शुक्ला, रमेश चंद्र केसरवानी, गिरजा शंकर बिंद, सीबी यादव, अतुल, प्रमोद मिश्र सहित क्षेत्र के सम्मानित सभी मोर्चों के अध्यक्ष व महामंत्री के उपाध्यक्ष गण कार्यकर्ता गण एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख एवं कार्यक्रम आयोजक शैलेश यादव एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार राजा मौर्य ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया।

## युवती को रास्ते मे रोक कर बाइक सवार युवक ने की अश्लीलता मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक युवती को रास्ते में रोक कर बाइक सवार एक युवक ने अश्लीलता की। विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।युवती की तहरीर पर पुलिस ने यूवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनि एक युवती अपने मयके जमखुरी जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में बाइक सवार एक युवक रोक कर अश्लील हरकतें की तथा हाथ पकड घसीटने लगा कहा आज तुझे नहीं छोड़ूंगा।युवती ने विरोध किया तो उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दे कर भाग गया। युवती ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर नौशाद पुत्र बल्ला निवासी ग्राम महरौंडा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## जल निगम की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से बूंद बूंद पानी की किल्लत

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के भटपुरा गांव में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है,जिससे ग्रामीणों में जल निगम के कर्मचारियों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है....। जानकारी के अनुसार लालापुर के भटपुरा गांव में अमिलिया तरहार से जल निगम द्वारा पाइप लाइन से मीठे पानी की सप्लाई की जाती है, जो करीब डेढ़ माह से पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे भटपुरा गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है...। भटपुरा गांव निवासी प्रदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि अमिलिया तरहार से जो पानी की पाइप लाइन आई है उसमे लालापुर बैंक के सामने बिजली विभाग का खम्भा गाड़ दिया गया है, जिससे पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है और अमिलिया तरहार में भी पाइप लाइन टूटी हुई है, जिसके कारण डेढ़ महीने से पूरे भटपुरा गांव में पीने के पानी की किल्लत से ग्रामीण जूझ रहे हैं..। इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन जल निगम के लापरवाही के कारण आज तक पानी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बता दें कि ग्राम भटपुरा में अधिकतर हैंडपंप का पानी खरा होने के कारण पानी पीने योग्य नहीं है....। इस उमस भरी गर्मी में पानी की किल्लत से भटपुरा गांव के ग्रामीण काफी परेशान हैं और जल निगम द्वारा जब तक पाइप लाइन ठीक नहीं करवाया जाता तब तक ग्रामीणों को पानी का दंश झेंलना पड़ेगा।



**क्या बोले जल निगम के कर्मचारी जेई अजीत मौर्या**

इस संबंध में जब जल निगम के जेई अजीत मौर्या ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा पानी के पाइप लाइन में पोल (खम्भा)गाड़ दिया गया है, जिसे जल्द ठीक कराकर पानी सप्लाई बहाल कराई जाएगी..।

**बिजली विभाग के ठीकेदार ने क्या कहा :** इस संबंध में बिजली विभाग के ठीकेदार नौमान अंसारी ने कहा कि हमे जल निगम द्वारा सूचना मिली है कि जल निगम के पाइप लाइन में गलत तरीके से पोल (खम्भा) गाड़ दिया गया है, जिसे सोमवार तक ठीक करा दिया जाएगा।

## प्राथमिक विद्यालय कोरांव द्वितीय में अज्ञात चोरों ने की चोरी

**प्रधानाध्यापक ने दी तहरीर, बीईओ को कराया अवगत**



**रत्योरा।** प्राथमिक विद्यालय द्वितीय कोरांव में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए किचेन का ताला तोड़कर उसमें रखा 4 बोरी चावल उठा ले गए। प्रधानाध्यापक शिवाकांत तिवारी द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि चावल के अलावा शौचालय घरों में लगी टोटीयां भी तोड़ एवं खोलकर चोर उठा ले गए हैं। इसके अलावा शौचालय के बाहर स्कूली बच्चों के लिए लगाई गई पेशाब की सीटें भी तोड़फोड़ कर विद्यालय बाउंड्री के बाहर फेंक दी गई हैं। इसके अलावा हैंडपंप में लगे समर्सिबल पंप की पाइप भी तोड़ कर समर्सिबल पंप का तार हैंडपंप में जोड़ दिए थे। जिससे करंट भी उतर रहा था। इसके साथ ही विद्यालय में स्थित एक पुराने भवन की तीन खिड़कियों की जाली चोर तोड़कर उठा ले गए हैं। भवन में एक पुराने बॉक्स में रखे पुराने अभिलेख भी चोर उठा ले गए। प्रधानाध्यापक शिवाकांत तिवारी ने पुलिस को तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मामले से खंड शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया है।

## तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

अखंड भारत संदेश

**नारेबाजी सौंपा ज्ञापन**

**वकीलों के विरोध पर एडीएम वित्त ने सम्पूर्ण समाधान दिवस की कार्यवाही से तहसीलदार को हटाया**



**मेजा।** शनिवार को मेजा तहसील प्रांगण में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की भीड़ रही, लोग अपनी फरियाद को लेकर पहुंचे थे और अधिकारी शिकायतों का निस्तारण कर रहे थे।उसी दौरान बार के अध्यक्ष महेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में अधिवक्ता लामबंद होकर तहसीलदार को हटाने की मांग को लेकर एडीएम वित्त को ज्ञापन देने पहुंचे।तहसीलदार को देख वकील भड़क उठे और वकीलों का हुजूम तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनके बैठने तक कार्य को ठप्प करा दिया। वकीलों का कहना था कि सम्पूर्ण समाधान दिवस से तहसीलदार विशाल शर्मा को हटाया जाए तभी संपूर्ण समाधान दिवस की कार्यवाही चलने दिया जायेगा। आरोप है कि तहसीलदार बगैर सुविधा शुल्क के लिए कोई भी काम नहीं करते, तहसीलदार मेजा द्वारा अपंजीकृत वसीयत के अधार पर दायरा लेकर वरासत को स्टे कर देता है तथा पक्षकार से बड़े पैमाने पर रिश्वत लेता है। साधारण दाखील खारिज में दो हजार रूपया प्रति फाईल तथा दान पत्र में प्रति फाइल पाँच हजार रूपया लेने के बाद ही नामान्तरण की कार्यवाही करते है । तहसीलदार मेजा उ०प्र० सरकार की भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जीरो टालरेन्स नीति की बखिया उधेड़ रहा है, खुले आम तहसील मेजा में वादकारियों एवं अधिवक्ताओं से दोनों हॉथ लूट रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद जिलाधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नही किया जा रहा है। मजबूर होकर बारएसोसिएशन मेजा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करके काले कारनामों की जाँच कराने हेतु बाध्य होगा। तहसीलदार मेजा द्वारा सरकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों की घोर अवहेलना कर रहा है। वकीलों ने पूर्व में कोरांव और बारा में नियुक्ति के दौरान वकीलों द्वारा किए विरोध का भी हवाला दिया।पूर्व में भी अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया था। बार और बेंच के बीच कई दौर की सामंजस्य बैठक हुई,लेकिन नतीजा सिफर रहा। आज एक बार फिर लामबंद होते हुए अधिवक्ताओं ने जमकर हंगामा करते हुए तहसीलदार चोर है के नारे लगाते हुए कार्य को ठप्प करा दिया। अंततः तहसीलदार विशाल शर्मा को सम्पूर्ण समाधान दिवस से जाना पड़ा। उसके बाद कार्यवाही सुचारू रूप से चली। अधिवक्ताओं की मांग है कि ऐसे घूसखोर तहसीलदार को यहां से हटाया जाए।

## मऊआइमा में चोरों ने मचाया आतंक दो दुकानों से लाखों के माल पर किया हाथ साफ

**मऊआइमा के डाकघर के सामने, कंचनपुर के जनसेवा केन्द्र पर चोरी**



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरी का मामला थमने का नाम नही ले रहा हैं। बीती रात चोरों ने डाकखाना के सामने परचून की दुकान में लाखों के माल पर हाथ साफ किये जबकि कंचनपुर चौराहे पर जनसेवा केन्द्र पर भी लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासी विनोद कुमार पुत्र राम कृपाल कंचनपुर चौराहे पर जनसेवा केन्द्र खोले हुए है। बताया गया है कि बीती रात चोरों ने जनसेवा केन्द्र का ताला तोड़कर चोरों ने लैपटॉप ,दो कम्प्यूटर, प्रींटर ,अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित पांच हजार नगदी चोरी कर ले गए। विनोद कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम सुलतानपुर खास स्थित डाकखाना के सामने दिलीप कुमार केसरवानी पुत्र गंगा प्रसाद के परचून की दुकान के पीछे वनविभाग की ओर से अज्ञात चोरों ने खिडकी और दरवाजा तोड कर चालिस टीना रिफाइंड ,पचास टीना सरसों का तेल ,गुड ,साबुन अन्य कीमती सामानों सहित बारह हजार रुपये नगदी चोर चोरी कर ले गए। इसके दो माह पूर्व भी ठीक इसी तरह लाखों की चोरी किए थे। परन्तु आज तक चोरों का पता नहीं चल सका। दिलीप कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## खबर संक्षेप

### गंगा में डूबे किशोर नागेश्वर घाट पर मिला शव

**झूंसी।** दादी के अंतिम संस्कार में झूंसी के छतनाग में स्नान के दौरान डूबे किशोर का शव शनिवार को नागेश्वर घाट पर मिला सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन भी रोते बिलखते पहुच गए थे। उतरांव थाना क्षेत्र के याकूबपुर निवासी मूलचंद्र पटेल की माता मुनराजी देवी 85 की मौत हो गई थी। शुक्रवार को अंतिम संस्कार के लिए झूंसी के छतनाग घाट पर लोग आए थे साथ मे मूलचंद्र का 14 वर्षीय इकलौता बेटा अभिजीत भी आया था। अंतिम संस्कार के बाद सभी गंगा में स्नान करने लगे अभिजीत भी स्नान कर रहा था। अचानक अभिजीत गहरे पानी मे चला गया और डूबने लगा जब तक कोई कुछ कर पाता तब तक अभिजीत डूब गया। परिजनों में रोना पीटना मच गया। मूलचंद का रो रो कर बुरा हाल था। पहले मा की मौत अब एकलौता बेटा गंगा में डूब गया। देर शाम तक गोताखोर अभिजीत की तलाश में लगे रहे पर उसका कोई पता नही चला।

# अग्नि सुरक्षा एवं बचाव के जन जागरूकता के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जिलाधिकारी ने सिविल डिफेंस के वार्डेन्स के कार्यों को सराहा, शहर के होटलों, अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों में फायर सेफ्टी के उचित प्रबंध : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** नागरिक सुरक्षा कोर तथा होटल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित होटल प्रयाग इन में अग्नि, ट्रैफिक तथा हेल्थ के बचाव की कार्यशाला का सफल कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के चीफ गेस्ट सिविल डिफेंस के कंट्रोलर/ जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कार्यशाला में उपस्थित वार्डेंस एवम होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन के निर्देश के अनुपालन में सिविल डिफेंस, फायर डिपार्टमेंट तथा स्वास्थ्य विभाग के कार्य न केवल संतोष जनक है अपितु काबिले तारीफ है। सिविल डिफेंस के वार्डेंस तथा फायर विभाग स्वास्थ्य एवं यातायात पुलिस की उन्होंने तारीफ की। नियंत्रक नागरिक सुरक्षा/ जिलाधिकारी ने अग्नि की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए महिलाओं की अलग से कार्यशाला की जरूरत पर बल देते हुए यथा शीघ्र गृहणियों का वर्कशाप कराने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रयागराज के ज्यादातर होटलों, प्राइवेट चिकित्सालयों, कोचिंग सेंटरों में सीएफओ की सजगता से फायर सेफ्टी के कार्य पूरे हो चुके है। उक्त कार्यशाला को एसडीएम सोरांव आईएएस सार्थक अग्रवाल ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम सिटी मदन कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन आरक्षित रौनक गुप्ता ने की। अतिथियों का स्वागत बुके मेमेंटो देकर चीफ वार्डन अनिल कुमार व सादिक हुसैन तथा डिविजनल वार्डन संजीव बाजपेई ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से डिप्टी कंट्रोलर नरेंद्र शर्मा,सहायक उप नियंत्रक राकेश कुमार तिवारी सीएमओ,सीएफओ, ट्रैफिक इंस्पेक्टर, महेंद्र सक्सेना,राजीव भनोट, एलके अहेरवार, रवि शंकर द्विवेदी, मारकंडे राय सहित सिविल डिफेंस के वार्डेंस व होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज द्वारा सांसद भदोही श्री रमेश चंद्र बिंद को सौंपा ज्ञापन



**प्रयागराज।** प्रांतीय संगठन के अवाह्न पर,शिक्षा मित्रों के भविष्य को संरक्षित करने हेतु भारत के प्रधान मंत्री जी को माननीय सांसद के माध्यम से आज आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज के संगठन पदाधिकारियों द्वारा दिया गया जिसमे मुख्य रूप से हंडिया इकाई के ब्लाक अध्यक्ष विवेक मिश्रा,कृष्ण कांत,अंजनी त्रिपाठी,प्रवीण तिवारी तथा जिला उपाध्यक्ष अभिनव त्रिपाठी,विनोद भारती,कोषाध्यक्ष संतोष यादव,राजेश गौतम,अजय आयदव अजीत सिंह,अरुण सिंह,संदीप तिवारी,आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे माननीय सांसद जी द्वारा ज्ञापन को बहुत ही गंभीरता पूर्वक पढ़ा गया उन्होंने कहा की शिक्षा मित्रो का योगदान बेसिक शिक्षा में हमेशा याद किया जाता है शिक्षा मित्रों के मेहनत को देखते हुए 10 हजार का मानदेय बहुत ही कम है इसके संबंध में हम माननीय प्रधान मंत्री जी को आपके ज्ञापन के साथ ही अपना भी सिफारिस पत्र लगाकर,उनका ध्यान आपकी ओर आकृष्ट कराएंगे।मौका मिला तो इस संबंध में माननीय मुख्य मंत्री जी से वार्ता भी करेंगे।

### नैनी के मडौका उपरहार क्षेत्र में गरजा पीडीए का बुल्डोजर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराने पहुंचे पीडीए के अफसर



**नैनी।** नैनी के मडौका उपरहार क्षेत्र में प्रयागराज विकास प्राधिकरण पीडीए लगातार शहर के आसपास के क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है इसी कड़ी में शनिवार को मडौका उपरहार नैनी में राजू प्रधान द्वारा कराई गई 16 बीघे में अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया 16 बीघे में जितने भी बाउंड्री वॉल बनाए गए थे सभी को बुलडोजर चलाकर समतल कर दिया गया प्रयागराज के जोन नंबर 4 के सेक्टर 5 के अंतर्गत आने वाले इस क्षेत्र में और भी अवैधथ प्लाटिंग को अधिकारियों ने चिन्हित किया है जल्द ही यहां भी प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरजेगा मौके पर जोनल अधिकारी, अपर अभियंता श्रीरंग दुबे, भवन निरीक्षक कुंवर आनंद, क्षेत्रीय सुपरवाइजर और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।

### 70 बच्चों का किया गया कैम्पस सलेक्शन



**नैनी।** नैनी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रांगण में केंपस सिलेक्शन हुआ जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी त्रिवेणी अलमीरा प्राइवेट लिमिटेड नोएडा सम्मिलित हुई कंपनी प्रतिनिधि के रुप में रावेंद्र कुमार मिश्रा,शशांक गौड़ एवं उनकी टीम मुख्य रूप से उपस्थित रहे कम्पनी मैं कुल 197 बच्चों ने प्रतिभाग किया और 70 बच्चों का सिलेक्शन लिखित एवं साक्षात्कार के आधार पर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एस के श्रीवस्तव के द्वारा किया गया मुख्य रूप से प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार, सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान, सुरक्षा प्रभारी मुहम्मद मुस्तफीज सिद्दीकी, सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुमार कुशवाहा, अनुदेशक भूपेंद्र कुमार यादव,अनुदेशक अमित वर्मा , अनुदेशक अश्वनी कुमार, एवं शिशुक्षु अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया ।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग मचा हड़कंप, आपूर्ति बाधित




**सिरसा।** विकासखंड उरुवा अंतर्गत रामनगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब शीतला धाम के पास स्थित कब्रिस्तान में लगा ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई इससे स्थानीय लोगों सहित राहगीरों में हड़कंप मच गया। बता दें कि रामनगर शीतला धाम के पास स्थित कब्रिस्तान के अंदर लगा ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा स्थानीय लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों द्वारा लगी आग को बुझाने का प्रयास करते हुए स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना देकर आनन-फानन में बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। लोगों ने पानी और बालू डालकर आग पर काबू पाया। जानकारी के लिए बता दें कि इस ट्रांसफार्मर के भरोसे रामनगर बाजार सहित शक्तिपीठ मां शीतला का धाम एवं इसी के भरोसे संचालित तीन आरा मशीनें भी बाधित हो गई है। मजे की बात तो यह है कि राम नगर वासी अक्सर पानी की समस्या से जूझते नजर आते हैं लेकिन इस समय इस ट्रांसफार्मर के जल जाने से सोने पर सुहागा साबित हो रहा है। ट्रांसफार्मर जलने से भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। देखा जाए तो इस भीषण गर्मी में रोजाना आगजनी की घटनाएं घटित हो रही हैं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत, भांजी घायल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के घूरपुर में सड़क पार करने के दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला व उसकी भांजी को टक्कर मार दिया । जिससे दोनों घायल हो गए। घायलों को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया । वही भांजी का इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। शनिवार की शाम लगभग 6:00 बजे कपूर का पूरा करछना निवासी सावित्री पटेल 35 अपने पति हनुमत पटेल व भांजी ममता पटेल के साथ गौहनिया स्थित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराने आई थी। इस समय हनुमत पटेल अपनी पत्नी के साथ गौहनिया में किराए के घर में रहकर फर्नीचर का काम करते हैं। इसके बाद सभी घूरपुर बाजार में कपड़ा खरीदने चले गए। दुकान से कपड़ा खरीदने के बाद सावित्री व ममता जब सड़क पार कर रहे थे तो गौहनियां से घूरपुर की ओर जा रहा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने दोनों को टक्कर मार दिया जबकि सावित्री का पति सड़क के दूसरे छोर पर खड़ा था। टक्कर लगने के बाद दोनों सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में दोनों को घूरपुर क्षेत्र के अस्पताल ले जाया गया। जहां रास्ते में ही सावित्री की मौत हो गई। जबकि ममता का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घूरपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से सावित्री पटेल की मौत हो गई। जबकि ममता का इलाज ग्लास फैक्ट्री घूरपुर के एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया। ट्रैक्टर का पता लगाया जा रहा है।

## पिकअप से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत




**मेजा।** मेजा के डेलौंहा गांव के समीप 7 जून को रात करीब नौ बजे बारात में शामिल होने जा रहे मेजा थाना क्षेत्र के कपूरी गांव निवासी बाइक सवार युवक सुशील कुमार अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मां ने कोतवाली में तहरीर देकर पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि मेजा थाना क्षेत्र के कपूरी गांव निवासी संतरा देवी ने मेजा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को उसका बेटा सुशील कुमार मेजा के उसकी गांव से बारात में शामिल होने जा रहा था कि जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के डेलौंहा गांव के समीप पहुंचा ही था कि सामने से आ रही अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई ।थी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसे बनारस के एक अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को सुशील की मौत हो गई। शव को लाया गया। चौकी प्रभारी मेजारोड रामभवन वर्मा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# आम तोड़ने के विवाद में बच्चे को पीटा

अखंड भारत संदेश






**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के लेबर कॉलोनी में शुक्रवार को आम तोड़ने के विवाद में पीएसी के एक फॉलोवर ने आठ साल के मासूम को बेरहमी से पीट दिया दूसरे पक्ष का आरोप है कि आम तोड़ने के लिए बच्चे ने ईंट फेंकी, जिससे उनकी बेटी के सिर में चोट आ गई दोनों पक्ष देर रात तक नैनी कोतवाली में जुटे रहे क्वॉटर गार्ड के पास रहने वाले पप्पू मुंबई में नौकरी करते हैं उनका आठ साल का बेटा घर के पास साइकिल चला रहा था। उसी दौरान किसी ने आम तोड़ने के लिए पेड़ पर ईंट फेंक दी। ईंट पीएसी के एक अधिकारी की चौदह वर्षीय बेटी को लग गई। आरोप है कि इसके बाद अधिकारी के फॉलोवर ने मासूम को पकड़ कर बेरहमी से पीट दिया जिससे उसके शरीर में कई जगह चोट लग गई। परिजन उसे लेकर नैनी कोतवाली पहुंचे और पीएसी जवान के खिलाफ तहरीर दी। बच्चे का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है बच्चा अपना हाथ का पैर का चोट दिखाते हुए।

# फिरौती मांग रहे बदमाश को पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से युवक को बचाया। दो लाख की फिरौती मांग करने वाले एक युवक को शहर के परेड ग्राउंड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की सतर्कता देख अपहरणकर्ता युवकों को झूंसी थाना के सामने छोड़कर भाग निकले। देर रात 12:00 बजे के लगभग प्रभारी कोतवाल राजेश उपाध्याय व एसओजी टीम थाना झूसी पहुंच अपहृत रहे युवक कों मेजा थाने ले आई। अपहरणकर्ता को लिखा पढ़ी कर जेल भेज दिया। 2 दिन पूर्व 14 जून को हरगढ गांव निवासी बलराम पुत्र स्व अजय कुमार अपने पत्नी अर्पणा के साथ मेजारोड बाजार दवा लेने पहुंचा था। वह पत्नी को एक जगह बैठा कर दवा लेने दुकान पर गया वहां से लौटते समय रास्ते में चार पहिया वाहन से आए आधा दर्जन बदमाश बलराम का अपहरण कर वाहन में बैठाकर शहर भाग गए। पति का इंतजार करते करते किसी के साथ घर पहुंच गयी। घर पहुंची तो उसके पति बलराम ने कॉल कर बताया कि दो लाख की फिरौती न देने पर बदमाश उसकी हत्या कर सकते हैं। फोन से जानकारी मिलते ही बलराम की पत्नी मेजा थाने पहुंच घटना की जानकारी प्रभारी कोतवाल को देते हुए तहरीर दी। मेजा प्रभारी कोतवाल राजेश उपाध्याय ने सारी घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए महिला अर्पणा को उपनिरीक्षक मेजारोड इस्तियाक अहमद के साथ उस घटना स्थल पर भेज दिया जहां पर बदमाशों ने दो लाख की फिरौती लेने के लिए बुला रखा था। पुलिस व एसओजी की टीम संयुक्त टीम परेड ग्राउंड पहुंच बदमाशों की घेराबंदी मे इधर उधर खड़ी रही इसी बीच बाइक से दो बदमाश रुपया लेने के लिए पहुचे। पहुंची पुलिस को देख बदमाश भागने लगे लेकिन पुलिस ने ललकारते हुए एक को धर दबोचा। पकड़े गए बदमाश में शरद यादव जो जोधवल तेलियरगंज प्रयागराज का निवासी है। उसके साथ इस घटना में अनिल कुमार यादव निवासी 14/21 जोधवल तेलियरगंज रवि यादव निवासी गौरा थाना तेजी बाजार जौनपुर शामिल रहे। जो घटना के बाद से भागे हुए हैं।

# नगरपंचायत सिरसा में भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार बैनर तले संयुक्त सम्मेलन संम्पन

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के सिरसा नगरपंचायत टाउन हॉल में किसान मोर्चा यमुनापार के बैनर तले संयुक्त सम्मेलन में प्रधानमंत्री के नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यकाल के अंतर्गत उपलब्धि को किसानों के बीच गिनाया गया।पूर्व सांसद प्रत्याशी भाजपा नेता योगेश शुक्ला एंव पूर्व विधायक मेजा श्रीमती नीलम उदय भान करवरिया एव क्षेत्र के कई गणमान्य लोग अवस्थित रहे। बैठक में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के उपलब्धियों को रखते हुए नौ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यकाल उपलब्धियों को गिनाया। भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने कहा की ट्रिपल इंजन की सरकार आज जनता के विश्वास का नतीजा हैं। जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह ने कहा भाजपा पार्टी एक ऐसी पार्टी हैं कि कार्यकताओ को देव तुल्य के रूप में देखा जाता है। आज मोदी जी विकास की डोर को विश्व पटल पर अर्जित की है। भाजपा कार्यकताओं को गर्व महसूस होता होगा कि मोदी योगी सरकार में जनता से किए गए वादे को पूरा किया गया । और जनता द्वारा पुनः एक बार फिर से कीर्तिमान स्थापित करते हुए श्री नरेंद्र मोदी भाई जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम देश की जनता पुनः करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक नीलम करवरिया, क्षेत्रीय मंत्री रमाकांत विश्वकर्मा , आशीष सिंह संयोजक, प्रमुख मेजा गंगा प्रसाद मिश्रा ,सिरसा नगरपंचायत अध्यक्ष विपिन कुमार लखन केसरी, सेवालाल पटेल वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पांडे, नीरज कुमार द्विवेदी, जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री आदेश सिंह ने किया।

# डिजिटल तकनीक ने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव डाला

## कोविड-19 महामारी के दौरान विश्व ने देखी डिजिटल तकनीक की ताकत एवं उपयोगिता

अखंड भारत संदेश






**नैनी।** नैनी यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (यूआईएम), नैनी में शनिवार को 'डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशनः ए पैराडाइम शिफ्ट इन ग्लोबल मैनेजमेंट प्रैक्टिस' पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम की शुभारम्भ गणमान्य लोगों द्वारा यूसीईआर सभागार में दीप प्रज्वलित कर की गई। यूआईएम के प्राचार्य प्रो केके मालवीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए इसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व में डिजिटल तकनीक के माध्यम से होने वाले विभिन्न परिवर्तनों पर चर्चा की इस अवसर पर शोधार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मिड वेस्ट यूनिवर्सिटी, सुरखेत, नेपाल के डॉ. दीप बहादुर रावल ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने जीवन के हर क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डाला है। कहा कि विश्व ने इस तकनीकि की ताकत एवं उपयोगिता विशेषतौर पर कोविड-19 महामारी के दौरान देखी। इसने प्रबंधन को नये सिरे से परिभाषित करने का काम किया है इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू) के कामर्स एण्ड बिजनेस एडमिनिशट्रेशन डिपार्टमेंट विभाग के डॉ. अखिलेश चंद्र पांडे ने डिजिटल परिवर्तन के प्रमुख घटकों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि यह दो दिवसीय सम्मेलन निश्चित रूप से अनुसंधान कताओं को डिजिटल परिवर्तन के नए आयामों का पता लगाने में मदद करेगा आईआईआईटी, इलाहाबाद के प्रो माधवेंद्र मिश्रा ने कहा कि डिजिटल परिवर्तन मूल रूप से एक सांस्कृतिक बदलाव है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) के नैतिक मानकों पर भी बात की नेहरु ग्राम भारती विश्वविद्यालय (एनजीबीयू), प्रयागराज के वाणिज्य संकाय के डीन प्रो विनोद कुमार पांडे ने कहा कि डिजिटल तकनीक विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी, दुबई के आईएमटी बिजनेस स्कूल से डॉ. मोहम्मद अनम अख्तर, यूनिवर्सिटी ऑफ ट्राइस्टे, इटली से डॉ. रुबीना रोमानेलो, टोकन वेंचर्स एसआरओ, प्रीग क्रेच रिपब्लिक से डॉ. खुर्रम एजाज खान और एटोस सिंटेल, टौसन मैरीलैंड, यूएस से श्री पुष्पेंद्र सिंह ने भी ऑनलाइन माध्यम से सम्मेलन में अपने विचार साझा किए। युनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर) के प्राचार्य प्रो एचपी शुक्ला ने अतिथियों, का स्वागत किया एमबीए विभाग के प्रमुख डॉ. रोहित कुमार विश्वकर्मा ने ताया कि शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र सम्मेलन के आखिरी दिन रविवार को प्रस्तुत किये जायेंगे युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी (यूआईपी) के प्राचार्य डॉ. आलोक मुखर्जी, और एमसीए विभाग के प्रमुख डॉ. अवनीश गुप्ता सहित फैकल्टी सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# संशोधन कैंप में पहुंचे बोर्ड अफसर 3030 प्रकरणों में जुटाए साक्ष्य

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंकपत्र/प्रमाणपत्र में परीक्षार्थी के नाम, माता-पिता के नाम व जन्मतिथि आदि में संशोधन के लिए जो छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के चक्कर लगाते थे, वह कागजात यूपी बोर्ड विद्यार्थियों की सुविधा के ल जिलों में कैंप लगवा रहा है। प्रयागराज के जीआइसी में आज लगे कैंप में यूपी बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल, क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज की अपर सचिव श्रीमती विभा मिश्रा ने शिविर में अचा पहुंचकर जायजा लिया और दस्तावेज संकलित करने की प्रक्रिया पूरी कराकर विद्यार्थियों व अभिभावकों से बातचीत कर शीघ्र समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। जिले के कैंप के आयोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षकों पर है। प्रयागराज के कैंप में डीआईओएस पीएन सिंह ने बोर्ड के अधिकारियों को पहले दिन निस्तारित किए गए मामलों की जानकारी दी। लंबित प्रकरणों को देखते हुए यूपी बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने कैंप दो दिन और बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे कि संशोधन के लंबित प्रकरणों में आवश्यक दस्तावेज कैंप में पूरे करा लिए जाएं। संशोधन के लिए एक ही स्थान पर दस्तावेज संलग्न करने की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद संशोधित अंकपत्र प्रिंट कराकर विद्यार्थियों को विद्यालय के माध्यम से कुछ दिन बाद उपलब्ध कराए जाएंगे। सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि 12 जून से जिलों में लगाए जा रहे कैंप में अब तक 3030 लंबित प्रकरणों में आवश्यक कागजात संलग्न करने की प्रक्रिया पूरी कराई जा चुकी है। क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ में 1885, बरेली में 279, वाराणसी में 503, प्रयागराज में 275 एवं क्षेत्रीय कार्यालय गोरखपुर में 88 प्रकरणों का निस्तारण किया जा चुका है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस पाल्सी नंबर 20531737 में भूलवश मनीष कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी नेहरू नगर मंझनपुर जनपद कौशांबी लिख गया है जो गलत है मेरा सही नाम मनीष कुमार केशरवानी पुत्र सुरेश चंद्र निवासी नेहरू नगर मंझनपुर जनपद कौशांबी है आधार कार्ड और पैन कार्ड में भी मेरा सही नाम मनीष कुमार केसरवानी लिखा है।

# केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर बताई सरकार की उपलब्धि, सदर विधायक ने की प्रेसवार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धि बताई। उन्होंने कहा कि अब तक गैंगेस्टर एक्ट में 43753 अभियुक्त गिरफ्तार हुए। इस प्रकार आज उ0प्र0 सरकार अपराधियों को मिट्टी में मिलाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जनपद में अवस्थापना सुविधाओं, नगर विकास, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, युवाओं को रोजगार,



पत्रकारवार्ता में बोलते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, बागवानी, सिंचाई, पर्यटन स्थलों का विकास, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा। उन्होंने कहा कि दो नवीन नगर पंचायत का सृजन और नगरपालिका का विस्तार से विकास की लहर हर गांव हर शहर में दिख रही है। जनपद में 2 अरब 40 करोड़ 65 लाख की लागत से एन0एच0-330 प्रयागराज-अयोध्या मार्ग पर नगरीय सीमा में लगने वाले जाम से लोगों को छुटकारा दिलाने हेतु बाईपास निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ है, बाईपास का निर्माण हो जाने से लोगों को जाम से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 213.01 करोड़ की लागत से जनपद में मेडिकल कालेज बनाया गया जिसमें लोगों को चिकित्सा सम्बन्धी सभी सुविधायें प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि माँ बेल्हा देवी सौन्दर्यीकरण हेतु 3 करोड का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है, और बेल्हा देवी धाम के दूसरी तरह सच्चा बाबा आश्रम के पीछे प्रतापगढ़ में पर्यटन हेतु शासन को डी0पी0आर0 तैयार कर प्रेषित है जिसकी शीघ्र ही स्वीकृति मिलने के आसार हैं। जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि आज मोदी सरकार में 58 हजार किलोमीटर से अधिक नेशनल हाइवे का निर्माण हुआ। तटीय जिलों के समग्र विकास के लिए कुल 1537 परियोजनाएं चल रही हैं जिनकी कुल लागत 6.5 लाख करोड़ है। पत्रकारवार्ता में जिला प्रवक्ता राघवेन्द्र शुक्ल, सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# एडीएम तथा एएसपी ने संयुक्त सुनवाई में पांच शिकायतों का कराया त्वरित निस्तारण

## समाधान दिवस में बिजली कटौती को लेकर वकीलों ने सौपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में लालगंज में आयीं सरसठ शिकायतों मे से पांच का एडीएम तथा एएसपी ने निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की उन्तीस, पुलिस की तेरह तथा विभाग विभाग आठ, समाज कल्याण तीन, बेसिक शिक्षा दो व अन्य विभागों की बारह रहीं।

एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा के निर्देश पर राजस्व की तीन शिकायतें तथा एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र की सुनवाई मे पुलिस विभाग की दो शिकायतें मौके पर निस्तारित हुई दिखीं। एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा ने मातहतों को फरियादियों की संतुष्टि के लिए शिकायतों के निस्तारण को मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कराए जाने के निर्देश दिये।

अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्र ने लालगंज सर्किल के थाना प्रभारियों को छोटे मोटे विवादों में एहतियातन शिकायत मिलते ही समाधान कराए जाने के तल्ख निर्देश दिये। समाधान दिवस में चकमार्गो पर कब्जे तथा जमीनी विवाद में राजस्व टीम की उदासीनता को लेकर फरियादियों में असंतोष झलका। वहीं लालगंज क्षेत्र में इधर हो रही दिन व रात की पाली में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा को ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन में नगर के वार्डो में जर्जर तारो के न बदले जाने को लेकर विभागीय अफसरों की लापरवाही पर वकीलों मे आक्रोश देखा गया। समाधान दिवस का संयोजन एसडीएम उदयभान सिंह तथा संचालन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल, एसीओ चकबंदी राधेश्याम गुप्ता, प्रभारी सीडीपीओ पूर्णिमा मिश्रा, नायब तहसीलदार रामराज कुशवाहा, रामचंद्र त्रिपाठी, प्रदीप सिंह आदि रहे।

# अस्पताल में गार्ड का कालर पकड़ा, गोली मारने की धमकी

## मरीज को लेकर आए परिजनों की गुंडई से भयभीत स्टाफ भागा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में शनिवार को दोपहर मरीज को लेकर आए परिजनों ने इमरजेंसी में जमकर बवाल काटा। इस दौरान गुंडों ने सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मी का कालर पकड़ लिया। स्टाफ को गोली मारने की धमकी दी गई। इससे भयभीत डाक्टर और स्टाफ इमरजेंसी छोड़कर जान बचाकर भागे। पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। कार्रवाई के डर से परिजन मरीज को रेफर कराकर भाग लिए। इस घटना से स्वास्थ कर्मियों में आक्रोश है।

अस्पताल में काम करने वाले डाक्टर और स्टाफ जान हथेली पर रखकर काम करते हैं। आए दिन राह चलते लोग किसी न किसी बात पर इनकी पिटाई और अपमानित करने से बाज नहीं आते हैं। सुरक्षा में लगी पूर्व सैनिकों की फौज केवल तमाशबीन बनी रहती है। इनकी मौजूदगी का ऐसे लोगों पर कोई फर्क ही नहीं पड़ता है। शनिवार को दिलीपपुर गांव के कुछ लोग घायल मरीज सलमान को लेकर राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। यहां के स्टाफ ने बताया कि आते मान इन लोगों ने आतंकित करना शुरू कर दिया। हंगामा करने से मना करने पर एक ने सुरक्षा कर्मी का कालर पकड़ लिया। स्टाफ को गोली मारने की धमकी दी गई। जिससे लोग डर गए और काम छोड़कर कुछ देर के लिए वहां से चले गए। सूचना मिलने पर पुलिस वाले पहुंचे। तब जाकर मामला शांत हुआ। इस बारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि आए दिन इस तरह के लोग अस्पताल में घुस जाते हैं। डाक्टर स्टाफ से मारपीट करते हैं। पुलिस कुछ भी नहीं करती है। सुरक्षा कर्मियों को ऐसे लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर देना चाहिए।

## पेट्रोल पंप से तेल भरवाने के बाद भागे बदमाश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शहर के बीबीपुर स्थित देव फीलिंग स्टेशन पर दोपहर एक कार सवार आया और तेल भरवाने के बाद बिना पैसा दिए फरार हो गया। पूरी घटना की सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज में साफ साफ दिख रहा है की किस तरह से कार सवार तेल भरवाया और उसके बाद कार लेकर रफूचक्कर हो गया। पेट्रोल भर रहे कर्मचारी ने जान पर खेल कर पीछा किया लेकिन कार सवार फरार हो गया।

# भाषण से बिजली गिरा तो सकते हैं पर बिजली बना नहीं सकते: प्रमोद तिवारी

## कैम्प कार्यालय पर प्रमोद तिवारी ने की प्रेस वार्ता

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता, स्टीयरिंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने उत्तर प्रदेश में अघोषित बिजली संकट को लेकर प्रदेश सरकार विफलता पर कड़ा हमला बोला है। वहीं उन्होनें केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा नेहरू मेमोरियल के नामकरण में परिवर्तन को सरकार की राजनीति में मयार्दा के विपरीत जलन तथा ईर्ष्या व हीन भावना की पराकाष्ठा कहा है। सांसद प्रमोद तिवारी ने एक दिवसीय दौरे मे कुम्भीआइमा के सबाना बाबा मजार पर भी चादरपोशी कर मुल्क की सलामती की दुआ मांगी।



प्रेसवार्ता में बोलते प्रमोद तिवारी

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश में बद से बदतर हो उठी विद्युत आपूर्ति को लेकर कहा कि अभूतपूर्व बिजली कटौती से इस समय त्राहि त्राहि है। शनिवार को लालगंज कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में उन्होने कहा कि भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो उठा है तो नहरों में पानी न होने के कारण सिंचाई के लिए भी बिजली उपलब्ध नही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सिंचाई के अभाव में समय रहते धान की नर्सरी नही डाली गयी तो किसानों को अपूर्णनीय क्षति होगी। वहीं प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार के स्टॉक में ट्रांसफार्मर उपलब्ध नही हैं। उन्होने बिजली कुप्रबंधन के चलते ओवरलोडिंग के कारण नगरीय क्षेत्र के साथ खास कर ग्रामीण क्षेत्रों व कस्बों में ट्रांसफार्मर के जल उठने पर इन्हें कई दिन तक न बदले जाने को भी सीधे प्रदेश सरकार की विफलता कहा है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, इरफान खॉं, केडी मिश्र, दृगपाल यादव, छोटेलाल सरोज, पप्पू तिवारी, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, गुडडू सिंह, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा आदि रहे।

# बाग की रखवाली कर रही महिला की धारदार हथियार से हत्या

## जमीनी विवाद में हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

अखंड भारत संदेश

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के देवरपट्टी गांव में बाबर अली पुत्र अब्दुल वहीद अपने घर से बीते शुक्रवार को दिन में तीन बजे बाजा बजाने गंगापार प्रयागराज गया हुआ था। शुक्रवार की शाम बाबर अली की पत्नी रोजन बानो उम्र (45) वर्ष आम की बाग में रखवाली करने हेतु बाग में सोई हुई थी।

बीती रात में कुछ लोगों ने धारदार हथियार से गला रेतकर महिला रोजन बानो की हत्या कर दी। पडोसी बहेतू ने इसकी सूचना मृतका के पति बाबर अली को दी। बाबर अली ने सूचना थानाध्यक्ष बाघराय त्रिलोकीनाथ पांडे को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता भी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन करने मे जुट गए हैं। जमीनी विवाद के चलते रोजन बानो की हत्या हुई है। मृतका कुल छह बहनें हैं। दो से जमीनी विवाद चला आ रहा है।

## कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे के नवाबगंज चौराहे के पास शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे लखनऊ से प्रयागराज को जा रही कार ने सड़क पार कर रहे बाईक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाईक सवार रज्जन पुत्र बकरीदी (65) वर्षीय पीरानगर हिनाहु थानानवाबगंज गंभीर रूप से घायल हो गया कार चालक ने घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर थाने मे गाडी खड़ी कर दिया और पुलिस को जानकारी दी। घटना स्थल पर एम्बुलेंस उपचार के लिए रज्जन को सीएचसी कालाकांकर ले गई जहा जानकारी मिलते ही घर के परिजन लोग भी पहुंच गये। चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल रज्जन को जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।

# आम के बाग में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हड़कंप

## घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर है आम की बाग

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां निवासी अयाज हसन पुत्र स्व0 शदरू हसन (40) वर्षीय शुक्रवार की बीती रात लगभग सवा आठ बजे घर से पांच सौ मीटर दूर अपनी आम के बाग की रखवाली करने अपनी पत्नी आल्या के साथ चला गया, जहां पत्नी से किसी बात को लेकर कुछ कहा सुनी हुई जिस पर अयाज हसन ने अपनी पत्नी आल्या के आँखो के सामने आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटक कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली।

पत्नी की आँखो के सामने घटी घटना से आल्या हस्तप्रभ रह गई और जोर जोर से रोने व चिल्लाने लगी। ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतार कर लिखा पढ़ी करके थाने ले गई और शनिवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया घटना को लेकर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। बताया जाता है कि घर की माली हालत अच्छी न होने पर अयाज मानसिक तनाव मे रहता था पुलिस घटना की तह तक पहुँचने मे जुटी हुई है। अयाज को पारिवारिक बटवारे मे आम की बाग हिस्से मे मिली थी। घटना की बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि मृतक की पत्नी आल्या की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या का कारण पता लगाया जायेगा।

## नहीं रहीं अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्या गायत्री पाण्डेय

**प्रतापगढ़/पट्टी।** शहर के आदर्श स्कूल की अवकाष प्राप्त प्रधानाचार्य गायत्री पाण्डेय का गत दिवस प्रयागराज के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। उन्हें दो दिन पहले प्रताप बहादुर जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती किया गया था जहां चिकित्सकों ने उन्हें उपचार के लिये प्रयागराज रेफर कर दिया, जहां गत दिवस उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शोक जताया है। वह शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित अपने आवास पर रहती थीं।

# सूरजमुखी की फसल का हुआ प्रक्षेत्र प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** राजा दिनेश सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू अवधेश पुरम द्वारा जनपद के किसानों को तिलहनी फसलों के प्रति जागरूक करने हेतु बाबागंज विकासखण्ड के नरियॉवा गॉव में सूरजमुखी की हाईब्रिड प्रजाति कावेरी चैम्प की बुवाई मार्च में किसानों के यहॉ करायी गई थी। सूरजमुखी की फसल, इस समय परिपक्व हो चुकी है।

इस प्रजाति के प्रति अन्य किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए नरियॉवा गॉव में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने आये



सूरजमुखी की फसल का प्रदर्शन करते किसान व अधिकारी।

हुए किसानों को बताया कि यह प्रजाति मात्र 90-95 दिन में परिपक्व हो जाती है।

प्रसार वैज्ञानिक डा0 अवधेश कुमार सिंह ने किसानों को बताया कि जो किसान गर्मी में खेत परती छोड़ देते है यदि गर्मी में सूरजमुखी की खेती करें तो किसान भाई अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। इस तकनीकि को देखने के लिए गॉव के श्याम समुझ मौर्य, श्याम सोनी मौर्य, शिव शंकर यादव, वीरेन्द्र पाण्डेय, राम कुमार शुक्ल, शिवदर्शन यादव, राजू गौतम, मनीष यादव आदि किसान उपस्थिति होकर सूरजमुखी की फसल का प्रक्षेत्र भ्रमण किया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

## भरोखन गांव में चौपाल लगाकर दी गई जानकारी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्रामसभा भरोखन में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह, रूर चौकी इंचार्ज वारिज तथा महिला कांस्टेबल शिवांगी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

शासन द्वारा इस समय महिला सशक्तिकरण तथा महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत गांव गांव



चौपाल में महिलाओं को जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

में चैपाल लगाकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में भरोखन गांव में ग्राम प्रधान कमलेश बहादुर वर्मा के आवास पर महिलाओं को जागरूक करने के लिए एक चैपाल का आयोजन किया गया जिसमें पट्टी कोतवाल नंदलाल सिंह ने महिलाओं पर किए गए उत्पीड़न के इतिहास की चर्चा करते हुए वर्तमान से उसे जोड़ते हुए कहा कि आज संवैधानिक प्रावधानों के तहत महिलाओं को विशेष अधिकार मिले हुए आवश्यकता इस बात की है कि जागरूक होकर अपने अधिकारों को जाने और पहचाने तथा उसके लिए संघर्ष करें। महिला कांस्टेबल शिवांगी ने सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर डायल 1076, 1090 ,108 ,102, सहित कई प्रकार के योजनाओं के बारे में बताया। रूर चैकी इंचार्ज वारिज ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई प्रकार की नीतियां और योजनाएं बना रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुलिसकर्मी दीवान कन्हैयालाल, सौरभ यादव, लालजी, मनोज यादव, दीपक तिवारी, ग्राम सभा के सम्मानित सदस्य चंद्रशेखर पांडेय राजेंद्र तिवारी, दयाभान सिंह, चंद्रभान तिवारी, कोटेदार रामचंद्र वर्मा जयराम वर्मा नीरज यादव रमेश यादव सुरेश सहित कई लोग मौजूद रहे।

# देवानंद के निर्विरोध अध्यक्ष बनने पर अधिवक्ताओं ने किया सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जूनियर बार कार्यालय सभागार में पूर्व अध्यक्ष जूनियर बार देवानंद त्रिपाठी एडवोकेट के डीसीडीएफ में निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जूनियर बार कमेटी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। देवानंद त्रिपाठी को माला पहना कर मुंह मीठा कराया एवम शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना किया, जिसमें जूनियर बार कमेटी अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, महामंत्री संतोष नारायण मिश्र, उपाध्यक्ष शिव प्रकाश मिश्र, राघवेंद्र सिंह,



सम्मान समारोह में मौजूद अधिवक्तागण।

जितेंद्र सैनी, संतोष पाण्डेय, सर्वेश शुक्ल, बागिश मिश्र, अजय त्रिपाठी, शिवाकांत पांडे, योगेश शुक्ल, संजय मिश्र, राम गोपाल तिवारी, नीरज ओझा, ममता पांडे, मयंक शेखर मिश्र, ऋषिकांत शुक्ल, अजीत ओझा, महेश यादव, आशिफ सिद्दीकी एवं तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे। श्री त्रिपाठी अधिवक्ताओं से सम्मान पाकर भाव विभोर हो उठे और जूनियर बार कमेटी व अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# सूखी है नहरें, आखिर कैसे हो धान की रोपाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी क्षेत्र में नहर सूखी होने के कारण किसानों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। किसान के धान की रोपाई अब पिछड़ रही है। नहरें धूल फांक रही है जिसके कारण किसानों की खेती प्रभावित हो रही है वह धान की नर्सरी भी नहीं डाल पा रहे हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र से शारदा सहायक खंड 36 होकर गुजरती है जहां से हजारों गांव की खेती की सिंचाई होती है लेकिन इस समय नहर में पानी न होने से वह सूखी हुई है जून का महीना शुरू हो चुका है चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है वही अगेती खेती करने वाले किसान अब धान की नर्सरी डालकर खेती के लिए तैयारी भी कर रहे हो शारदा सहायक खंड क्षेत्र से जुड़ी हुई धानेपुर माइनर के आस-पास के गांव भरोखन फतेहपुर सहित सैकड़ों ऐसे गांव हैं जहां पर किसान पानी के लिए परेशान है। किसानों का कहना है कि अगर जल्द ही पानी नहीं छोड़ा गया तो निश्चित रूप से खेती पीछे हो जाएगी।

# सीओ ट्रैफिक के खिलाफ अभविप ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतापगढ़ के कार्यकताओं ने पी बी पी जी कॉलेज के शिक्षको के साथ सीओ ट्रैफिक द्वारा किए गए दुर्व्यवहार को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रांत सह मंत्री सुधांशु रंजन मिश्रा ने कहा की विद्यालय कैंपस में परीक्षा के दौरान बने स्ट्रॉन्ग रूम में डी एम द्वारा नामित अधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश करके सीओ द्वारा परीक्षा की गोपनीयता को भंग करने का कार्य किया गया, जो कि बेहद ही निंदनीय है। जिला सयोजक रमेश सिंह पटेल ने कहा कि सीओ ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्राचार्य की कुर्सी पर बैठना बेहद ही निंदनीय है। कार्तिकेय पांडेय और अतिथि



जिला कचहरी में ज्ञापन देते अभविप कार्यकर्ता।

शर्मा ने कहा कि शिक्षको द्वारा सीओ ट्रैफिक पुलिस से प्राचार्य की कुर्सी से उठकर बगल में लगी कुर्सी पर बैठने के लिए आग्रह करने पर शिक्षकों के साथ दुर्वहार करते हुए आपत्तिजनक शब्दो का चयन शिक्षकों के लिए करना उनकी कुष्ठ मानसिकता को दशार्ता है। नगर सह मंत्री शुभम मिश्रा ने यह मांग किया कि सीओ ट्रैफिक पुलिस को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए और पी बी पी जी कॉलेज के शिक्षकों के समूह से माफी मांगी जाए। इस मौके पर शिवांग श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, आकाश बारी, अंश त्रिपाठी, अहम शुक्ला, रोहित उपाध्याय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन

**कौशाम्बी** जिला सेवा योजन, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 21 जून 2023 को राजकीय आईटीआई सिराथू के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियो के माध्यम से आईटीआई एवं नॉन आईटीआई उत्तीर्ण सभी प्रकार के अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेंगी साथ ही सिक्योरिटी के क्षेत्र में रूचि रखने वाले अभ्यर्थियों का एसआईएस सिक्योरिटी के माध्यम से सिक्योरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर पद पर चयन किया जायेंगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ प्रातः 10 बजे उपस्थित रहे।

**दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनिल पुत्र नथन निवासी सेवनपुर थाना मंझनपुर को जिला अस्पताल के पास फार्चून अस्पताल के सामने से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जिलाधिकारी एवं एसपी ने तहसील सिराथू में सुनी जनशिकायतें

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में आमजन की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल को चेक करने तथा शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता से भी वार्ता कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर न होने पाये, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जायेंगी। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता राजीव कुमार निवासी ग्राम-नासिरपुर फरीदगंज द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षी द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता भोला व गुलाब निवासी ग्राम-मेड़ीपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विपक्षीगणों द्वारा उनकी भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को जॉच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिराथू में कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील मंझनपुर में कुल 26 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 46 शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें 03 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी मनीष यादव एवं क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मोबाइल चार्ज करते समय युवक की करंट लगने से मौत

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव में शनिवार की सुबह मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जर लगाते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई,युवक अपने ननिहाल में रहता था,युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार सिराथू ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिछौरा निवासी सुनील कुमार पटेल पुत्र लाल चंद पटेल अपने ननिहाल रामपुर सुहेला गांव में रहकर वायरिंग का काम करता था। शनिवार की सुबह छत पर मोबाइल चार्ज करते वक़्त शार्ट सर्किट हो जाने के कारण सुनील करन्ट का झटका लगने से गिर गया पड़ोसी को जानकारी मिलने पर उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया लेकिन रास्ते मे ही सुनील ने दम तोड़ दिया। जब घर वालो को जानकारी हुई तो रोते बिलखते अपने ननिहाल पहुंचे। सुनील की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मौके पर ग्राम प्रधान बड़े लाल, चौकी इंचार्ज सिंघिया ने अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### 3 दशक के बीच शेषा गांव की 50 बीघे सरकारी जमीन पर हुआ अवैध कब्जा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेषा गांव में बीते तीन दशक के बीच हेराफेरी और साजिश रचकर 50 बीघे से अधिक सरकारी भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है कुछ मामले में अभिलेखों में हेराफेरी की गई है कुछ मामलों में धनाढ्य लोगों ने अधिकारियों को गुमराह कर सरकारी भूमि पर पट्टा प्राप्त कर लिया है बताया जाता है कि एक परिवार के कई लोगों को 18 बीघे से अधिक सरकारी भूमि पर अलग-अलग नामों से गलत तरीके से पट्टा दे दिया गया है बार-बार शिकायत के बाद भी कार्यवाही शून्य रही है सरकारी जमीन में कब्जे की शिकायत के बाद शेषा गांव में बार-बार लेखपाल के स्थानांतरण हुए है लेकिन अधिकारियों द्वारा जिस लेखपाल की तैनाती की जाती है वह उसी दलाल के गिरफ्त में फंस जाता है आखिर लेखपालों के स्थानांतरण के बाद दलाल क्यो नहीं बदले गए हैं दलालों का बोलबाला है और लेखपाल दलालों की गुलामी कर रहे हैं लेखपाल के सहयोग से यह चर्चित दलाल बीते तीन दशक से ग्रामीणों को परेशान कर धनादोहन में लगा हैं बताया जाता है कि 3 दशक के बीच ग्रामीणों को परेशान प्रताड़ित कर इस दलाल ने करोड़ों रुपए हेरा फेरी कर अर्जित किया है इतना ही नहीं सरकारी जमीन पर भी हेराफेरी कर दलाल ने अपना और अपने परिवारों का कब्जा करा दिया है और तीन दशक से अलग अलग लेखपाल सरकारी जमीन पर कब्जा और अवैध वसूली को देखते रह गए हैं बताया जाता है कि 3 दशक के बीच शेषा पंचायत में 40 बीघे से अधिक सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से दबंगों के कब्जे हुए हैं लगातार ग्रामीणों द्वारा मामले की शिकायत आला अधिकारियों से बार-बार की जा रही है लेकिन जांच के नाम पर केवल लीपापोती होती है आखिर शेषा ग्राम पंचायत में यह भूमि घोटाला कब तक चलता रहेगा यह सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है बताया जाता है कि करोड़ों कीमत के भवन खेत निजी संपत्ति होने के बाद भवानी सिंह और उनके पुत्रों और परिजनों के नाम 18 बीघे कई करोड़ की सरकारी संपत्ति पट्टे पर दे करके उन्हें कब्जा करा दिया गया है गांव में यह भवानी सिंह का अकेला मामला नहीं है भवानी सिंह जैसे कितने लोगों को शेषा गांव में सरकारी जमीन गलत तरीके से पट्टे पर देकर कब्जा कराया गया है बार-बार मामले की शिकायत हुई लेकिन उसके बाद भी तहसील प्रशासन मंझनपुर उदासीन बना रहा जिससे तहसील प्रशासन की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कराने में संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है इलाके के लोगों ने एक बार फिर योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शेषा गांव में अवैध तरीके से सरकारी जमीन पर कब्जा किए जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए जहां तहसील प्रशासन पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है वही लगातार तीन दशक से लेखपाल के आगे पीछे घूम कर दलाली करने वाले दलाल पर भी कार्यवाही की मांग करते हुए अवैध तरीके से सरकारी जमीन के कब्जे को मुक्त कराए जाने की मांग की है।

# रहस्यमय ढंग से गायब बालक को पुलिस ने किया बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के मितवापुर गांव से शुक्रवार की शाम करन सरोज उम्र 17 वर्ष पुत्र राम सरन सरोज रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था बालक के गायब होते ही परिजन परेशान हो गए और अपने तरीके से उन्होंने उसकी काफी खोजबीन किया लेकिन गायब बालक का सुराग नहीं लगा बालक के अचानक गायब होने के मामले की सूचना परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस को दी थी गायब बालक की खोजबीन में थाना पुलिस सक्रिय हुई और थाना के उपनिरीक्षक भगवान यादव ने सिपाही योगेश सिंह और विनीत सिंह के सहयोग से गायब बालक को 12 घंटे के अंदर बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है गायब बालक से पुलिस पूछताछ कर यह जानकारी एकत्रित करने में लगी है कि बालक अचानक कहां गायब हो गया था।

### रोटावेटर चोरी करने का प्रयास

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बथुई गांव निवासी विमलेश कुमार त्रिपाठी पुत्र दीना नाथ त्रिपाठी मैं थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके ट्रैक्टर उसके यन्त्र रोटावेटर, कल्टीवेटर आदि गांव के किनारे रखा रहता है 16 जून की रात करीब 10 बजे अनीस कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद वा उसका भाई ग्राम बेल्हाई मजरा-काजू थाना एक ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 01 लेकर आये और बिमलेश का रोटावेटर बाँधकर ले जाने लगे तभी गांव के लोगों ने रोका तथा बिमलेश को सूचना दिया गाँव के लोगो के साथ विमलेश ने आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ किया तो उपरोक्त आरोपियों ने बताया कि हमें सुराली यादव पुत्र भोला यादव निवासी अर्कामहावीरपुर थाना करारी ने भेजा है तथा सुराली यादव ने रोटावेटर के बदले 30 हजार रुपए लिए है। इसके बाद आरोपी मौका पाकर ट्रैक्टर लेकर भाग गये जिस ट्रैक्टर को लेकर आरोपी गए थे वह डा0 सुनील पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी बेडाई मजरा-काजू थाना- चरवा का बताया जाता है। इसके करीब 3 माह पूर्व दिनांक 18-03-2023 का विमलेश के परिवार के रहने वाले रमेशचन्द्र त्रिपाठी की एक ट्रैक्टर-ट्राली चोरी हो चुकी है। पीड़ित विमलेश का कहना है कि आरोपीगण मेरे रोटावेटर की चोरी करने आये थे विमलेश ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# अनुशासनहीन पूर्ति निरीक्षक उड़ा रही हैं तहसील समाधान दिवस का मजाक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रार्थना पत्रों पर केवल जांच कर समय सीमा के अंदर कार्यवाही किए जाने के निर्देश देने तक सीमित रह गया तहसील समाधान दिवस, तहसील समाधान दिवस चायल को अधिकारियों ने पिकनिक मौज मस्ती का स्थान बना लिया**



**कौशाम्बी।** आम जनमानस गरीब कमजोर मजलूम पीड़ित लोगों की समस्याओं को समाधान करने के लिए बनाया गया तहसील समाधान दिवस मजाक बनकर रह गया है अधिकारियों ने तहसील समाधान दिवस को पिकनिक मौज मस्ती का स्थान बना लिया है चिलचिलाती धूप में दूर-दराज के गांव से न्याय की उम्मीद में तहसील समाधान दिवस में गरीब कमजोर मालूमम इस उम्मीद से पहुंच रहे हैं कि उन्हें समाधान दिवस में न्याय मिलेगा लेकिन अधिकारियों की उदासीनता और अधीनस्थों की लापरवाही और मौज मस्ती के चलते तहसील समाधान दिवस मजाक बनकर रह गया है तहसील समाधान दिवस को पिकनिक का स्थान बनाने वाले अधीनस्थ कर्मचारियों अधिकारियों पर कार्यवाही ना किए जाने से गरीब कमजोर मजलूम और समस्याओं से ग्रस्त आम जनमानस को न्याय नहीं मिल पा रहा है फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर केवल जांच कर समय सीमा के अंदर कार्यवाही किए जाने के निर्देश देने तक तहसील समाधान दिवस सीमित रह गया है औपचारिकता निभाई जा रही है समय व्यतीत किए जा रहे हैं लेकिन न्याय के मामले में योगी सरकार की मनसा को अधिकारी पूरा करते नहीं दिख रहे हैं तहसील समाधान दिवस की स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण की ओर अधिकारियों की दिलचस्पी नहीं रह गई है तहसील समाधान दिवस में पहुंचकर केवल फर्ज अदायगी कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के सबूत एकत्रित करने में तहसील समाधान दिवस के अधिकारी लगे हैं जिससे गरीब कमजोर मजलूम और समस्या से त्रस्त फरियादियों को योगीराज में न्याय मिलता नहीं दिख रहा है ताजा मामला तहसील समाधान दिवस चायल का है शनिवार को तहसील चायल में आयोजित तहसील समाधान दिवस में आला अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस चायल का आयोजन किया गया था लेकिन तहसील समाधान दिवस में पूर्ति निरीक्षक रेनू द्विवेदी ने अनुशासनहीनता की हद पार करते हुए विभिन्न अधिकारियों के साथ सेल्फी फोटो लेने में मशगूल दिखाई पड़ी हैं चिलचिलाती धूप में आने वाले फरियादियों की पीड़ा से उन्हें कोई लेना-देना नहीं था तहसील समाधान दिवस में तमाम अधिकारी मौजूद रहे लेकिन उसके बाद भी सेल्फी लेकर पिकनिक मौज मस्ती का स्थान बनाने वाली अनुशासन हीन लापरवाह पूर्ति निरीक्षक रेनू द्विवेदी पर कार्यवाही नहीं हो सकी है तहसील दिवस को मौज मस्ती का साधन बनाने वाली पूर्ति निरीक्षक रेनू द्विवेदी के आचरण पर लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसील समाधान दिवस को पिकनिक स्थान बनाने वाली पूर्ति निरीक्षक रेनू द्विवेदी पर कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# नारी सशक्तिकरण का संदेश लेकर निकली मिशन शक्ति रैली

**अखंड भारत संदेश**

**स्थानीय महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा व नारी सम्मान नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में किया गया जागरूक**



**कौशाम्बी।** पुलिस विभाग द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण का संदेश लेकर मिशन शक्ति रैली का आयोजन पुलिस कार्यालय से मंझनपुर कस्बे तक किया गया रैली के दौरान नारी सुरक्षा अधिकारी सम्मान नारी स्वालंबन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और बच्चियों महिलाओं को उनके प्रति होने वाले अपराध एव संबंधित अपराधियों के बारे में पुलिस कर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेस -3 के अन्तर्गत 12 जून 2023 से 26 जून 2023 तक चलाये जा रहे 15 दिवसीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के दृष्टिगत शनिवार को पुलिस कार्यालय से मंझनपुर कस्बे तक महिला चौपाल मिशन शक्ति रैली का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया मिशन शक्ति जागरूकता रैली में एनजीओ की कार्यकताओं के साथ समस्त थानों पर नियुक्त महिला आरक्षी गणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जागरुकता रैली के दौरान स्थानीय महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति के तहत मंझनपुर कस्बे में आयोजित जागरूकता रैली के माध्यम से बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं मिशन शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चियों को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 102 स्वास्थ सेवा 108 एंबुलेंस सेवा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन तथा 1078 181 112 आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी मंझनपुर व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुनिल कुमार पुत्र राम लखन निवासी एकौरा महराजगंज थाना करारी जनपद को इण्टर कॉलेज करारी तिराहा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों शंकर निषाद पुत्र सीताराम व शिवकुमार पुत्र शंकर निषाद निवासीगण ग्राम व थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त गोरे निषाद पुत्र लाला निषाद निवासी भकन्दा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नाबालिंग बेटे ने कबूला मां की हत्या कर पिता हुआ फरार

**करारी कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में अगियौना गांव में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी है महिला की हत्या में उसके बेटे ने कहां है कि पिता ने मां की हत्या कर दी है और हत्या के बाद फरार हो गया है महिला की हत्या की जानकारी मिलते ही उसके मायके के लोग मोके पर पहुंचे हैं महिला 0की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है मृतक महिला के बेटे ने अपने पिता पर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी छंगूलाल पुत्र हीरालाल की बहन लक्ष्मी देवी की

**तीन दिनों से लगातार महिला की हत्या करने की नियत से उसे शराब पिलाकर पिटाई कर रहा था शराबी पति**



शादी 9 वर्षों पूर्व करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव निवासी अर्जुन प्रसाद के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगा बीते कई दिनों से लक्ष्मी को जबरिया शराब पिलाया जा रहा था उसकी बेरहमी से पिटाई की जा रही थी जिसका लक्ष्मी विरोध कर रही थी 16 जून को लक्ष्मी देवी को फिर बेरहमी से पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई मौत के बाद उसे फंदे पर लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया लक्ष्मी की मौत के बाद उसका पति मौके से फरार हो गया है उसके बेटों ने मामले की सूचना अपने ननिहाल में दी सूचना मिलते ही लक्ष्मी के भाई सहित मायके के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और लक्ष्मी के बेटों से घटना के बाबत जानकारी ली लक्ष्मी के बेटों ने बताया कि पिता अर्जुन ने मां लक्ष्मी की बेरहमी से पिटाई की है जिससे माँ लक्ष्मी की मौत हो गई है और मौत के बाद लाश को टांग दिया गया है मृतक महिला लक्ष्मी के भाई छंगूलाल ने करारी थाना पुलिस को तहरीर दी है तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है खबर लिखे जाने तक महिला की हत्या करने वाला उसका पति पुलिस की पकड़ से दूर है।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर अंतर्गत 15 जून 2023 को ग्राम अम्बावा पश्चिम के चौकीदार द्वारा सूचना दी गयी कि अम्बावा पश्चिम में गांव का राजकुमार सरोज पुत्र बैजनाथ उर्फ टिकई गांव के भोले-भाले अनुसूचित जाति के लोगो को गुमराह कर उनकी बीमारी और समस्याओं को ठीक करने का लालच व प्रलोभन देकर तथा चमात्कार की बात बताकर रविवार 11 जून 2023 को समय करीब 16.00 बजे एक सभा आयोजित कर लोगों से पैसे कमाने व धर्म परिवर्तन (ईसाई धर्म में परिवर्तन) कराने का काम करता है। इस सूचना पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम पंजीकृत कर 16 जून 2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त राजकुमार सरोज पुत्र बैजनाथ उर्फ टिकई थाना मंझनपुर को समदा चौराहे से गिरफ्तार कर गिरफ्तार कर अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा गांव के भोले-भाले लोगो को बीमारी ठीक करने का लालच व प्रलोभन देकर गैरकानूनी ढंग से धर्मान्तरण कराने के उद्देश्य से सभाएं आयोजित करते हुये धनार्जन करने की बात को स्वीकार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# नगर पंचायत मे विकास प्रस्ताव की हुई प्रथम बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रथम बैठक में जल निकासी जल भराव का छाया रहा मुद्दा**




**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा में नव निर्वाचि चेयर मैन व सभासदों की शनिवार को नगर पंचायत के रैन बसेरे में प्रथम बैठक की गई।नगर पंचायत अध्यक्ष शांती कुशवाहा और अधिशासी अधिकरी सुभाष चंद्र सिंह की आपसी सहमति पर बैठक बुलाई गई। अध्यक्ष ने अधिशासी अधिकारी से विचार विमर्श कर बोर्ड की बैठक का एजेंडा तैयार कर शनिवार को बैठक आहूत की बैठक में नगर पंचायत में उपलब्ध बजट से बोर्ड सदस्यों को अवगत कराया गया जिसके सापेक्ष सभी सदस्यों से पेयजल व्यवस्था,मार्ग प्रकाश व्यवस्था तथा जलनिकासी हेतु नाला/ नाली व सड़क निर्माण व अन्य कराए जाने वाले प्रस्ताव लिए गए जिसे सभी सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित किया है। सभासदों ने बैठक मे प्रमुख रूप से साफ सफाई व नालियों के निर्माण और उन्हें ढकने की व्यवस्था पर जोर दिया कुछ सभासदों ने सभी वार्डो मे प्रकाश की समुचित व्यवस्था, अन्त्येष्टी स्थल की समुचित व्यवस्था का प्रस्ताव रखा । स्थाई कान्हा गौशाला मे आवश्यक सुविधाओं का विस्तार करने का भी प्रस्ताव किया गया ताकि गौवंशो के रखरखाव मे आने वाली समस्याओं को दूर किया जा सके।नगर अध्यक्ष ने सभी प्रस्तावों को वरीयता क्रम मे कराने का विश्वास दिया । उन्होंने कहा नगर का विकास करना हम सबकी जिम्मेदारी है सभासदों के सहयोग से सभी कार्य सम्भव होगा।बैठक की अध्यक्षता नव निर्वाचित अध्यक्ष शांती देवी कुशवाहा ने की जा एवम संचालन अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह ने किया है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व यमुना के किनारे आयोजित हुआ योग शिविर



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योग सप्ताह मनाया जा रहा है,योग सप्ताह के अंतर्गत अलग अलग स्थानों पर प्रतिदिन योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शनिवार को यमुना नदी के किनारे सीडीओ रवि प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया जहा सैकड़ो की संख्या में लोगो ने योग किया है।

## संपादकीय


# तूफान से दीए की लड़ाई

15 जून का दिन पिछले डेढ़ महीनों से आंदोलन कर रहे पहलवानों के लिए महत्वपूर्ण था। इसी तारीख को दिल्ली पुलिस को यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना था। दिल्ली पुलिस ने ऐसा किया भी। राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दिल्ली पुलिस ने फाइल किया, जिसमें आईपीसी की धारा 354 (महिला का शील भंग करने के इरादे से उस पर हमला), 354-ए (यौन टिप्पणी) और 354 डी (महिला का पीछा करना) जैसी धाराएं आरोपी पर लगाई गई है। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में पॉक्सो प्रकरण रद्द करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट दाखिल की है जिस पर कोर्ट विचार करेगा। दिल्ली पुलिस के मुताबिक पॉक्सो एक्ट रद्द करने की सिफारिश नाबालिग और उनके पिता के बयान के आधार पर की गई है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि गहन जांच के बाद नाबालिग के आरोपों पर 'कोई पुख्ता सबूतइ नहीं मिले हैं। यानी एक तरह से दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दे दी है। इसमें कुछ आश्चर्य भी नहीं है। जब बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर दर्ज करने में पुलिस जरूरत से अधिक वक्त ले सकती है, तो उसके खिलाफ मजबूत सबूत न होने की बात भी कह सकती है। दिल्ली पुलिस ने तो यौन प्रताड़ना की शिकायत करने वाली महिलाओं से फोटो, वीडियो जैसे साक्ष्य देने की मांग भी की थी। ऐसी गजब की तफ्तीश देखकर हैरानी होती है। मानो महिलाओं, बच्चियों को पहले से पता होता है कि उनके साथ गलत होने वाला है और वे अपने साथ स्टिंग ऑपरेशन का सारा इंतजाम लेकर चलें। सीधे-सीधे हाथ में कैमरा रहेगा तो कोई भी किसी महिला से बदतमीजी क्यों करेगा। बदसलूकी, अनाचार तो अक्सर तभी होता है जब पीड़िता असहाय अवस्था में हो और उसकी मजबूरी का फायदा उठाया जाए। इसलिए छिपे हुए कैमरा से स्टिंग आपरेशन तो दूर की बात, कोई पीड़िता अपने साथ हुई यौन प्रताड़ना को बयां करने की हिम्मत भी मुश्किल से जुटा पाती है। लेकिन दिल्ली पुलिस उनसे ऐसी घटनाओं के साक्ष्य मांग रही है। बहरहाल, राउज एवेन्यू कोर्ट में अब मामले में सुनवाई की अगली तारीख 22 जून तय की गई है और पटियाला हाउस कोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई चार जुलाई को होगी। इन सुनवाइयों का क्या नतीजा निकलता है, ये तो बाद में पता चलेगा, फिलहाल आरोपपत्र दाखिल होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह के वकील एपी सिंह ने उनका पक्ष रखते हुए कहा है कि वे पूरी तरह से बेकसूर हैं और उन्हें राजनीतिक साजिश में फंसाया जा रहा है। इस बात का यही अर्थ निकलता है कि जिन पहलवानों को कुछ महीनों पहले तक स्टार खिलाड़ी, देश की शान, गौरव बढ़ाने वाली बेटियां कहा जा रहा था, अब उन्हें राजनैतिक विरोधी माना जा रहा है। उनके आरोपों की निष्पक्ष जांच के बिना ही आरोपी की ओर से बेकसूर होने का दावा किया जा रहा है। आरोपी के वकील का कहना है कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। सच सामने आएगा और हम इस केस में बेकसूर साबित होंगे। क्या न्यायपालिका पर अपना भरोसा साबित करने के लिए उन्हें 4 जुलाई तक का इंतजार नहीं करना चाहिए, ताकि फैसला अदालत की ओ? से आए, खुद की ओर से नहीं। अगर अपने बेगुनाह होने का इतना यकीन है तो न्यायपालिका में सुनवाई का इंतजार करना चाहिए। इससे पहले ही राजनैतिक साजिश का रोना क्यों रोया जा रहा है। बृजभूषण शरण सिंह भी अपने कई भाषणों में खुद को निर्दोष बताते रहे हैं। पिछले रविवार को उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी रैली से शक्ति प्रदर्शन किया था और यहां शेरो-शायरी से अपनी बेगुनाही की बात कही थी। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बता दिया था कि वह 2024 का लोकसभा चुनाव एक बार फिर अपने कैसरगंज निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे। बृजभूषण शरण सिंह ने इस रैली के जरिए बता दिया कि यौन शोषण के गंभीर आरोपों से वे कितने बेखौफ हैं। यह जज्बा किस राजनैतिक व्यवस्था के तहत उन्हें हासिल हुआ, यह सोचने की बात है। क्योंकि राहुल गांधी को तो एक टिप्पणी के कारण अपनी संसद सदस्यता से हटना पड़ा, और यही तय नहीं है कि वे अगला चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं। जबकि बृजभूषण शरण सिंह अभी से ऐलान कर रहे हैं कि वे अगला चुनाव कहां से लड़ने वाले हैं। क्या वे इस बात को लेकर निश्चिंत हैं कि अदालत उन्हें पाक साफ करार देगी। यह निश्चिंतता आंदोलनरत पहलवानों को क्यों नसीब नहीं हो रही। क्यों उनके चेहरों पर निराशा और हताशा के भाव दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। पिछले दिनों आंदोलनकारी पहलवानों से देश के गृहमंत्री अमित शाह ने काफी देर मुलाकात की। इस में क्या बातचीत हुई, इसका कोई ब्यौरा सामने नहीं आया है। ऐसी गोपनीयता की जरूरत क्यों पड़ रही है। अमित शाह से भेंट के बाद पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से भी मुलाकात की थी, जिसमें सरकार ने पहलवानों से 15 जून तक बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच पूरी करने का समय मांगा था। तो क्या अब सरकार बता सकती है कि क्या उसने जांच पूरी कर ली और उस जांच में क्या हासिल हुआ है?

पहलवान साक्षी मलिक ने इस शनिवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा था कि जब तक यह मामला पूरी तरह से नहीं सुलझ जाता, वे एशियाई खेलों में भाग नहीं लेंगी। जबकि बृजभूषण शरण सिंह को पता है कि वो अगला चुनाव कहां से लड़ रहे हैं और खिलाड़ियों को पता ही नहीं कि वे अगला टूनार्मेंट खेल पाएंगे या नहीं। यह स्थिति देश में टूटते भरोसे की गवाह है। वैसे इस समूचे प्रकरण पर तूफान और दीया फिल्म में भरत व्यास का लिखा गीत याद आता है- निर्बल से लड़ाई बलवान की, यह कहानी है दीये की और तूफान की।

# 300 वर्ष बाद भी प्रासंगिक हैं एडम स्मिथ

**डॉ.अजीत रानाडे**



**बाजार** संवाद का विषय हैं और हम लगातार अपने विचारों के बारे में दूसरों को राजी करने की कोशिश कर रहे हैं। 'शिलिंग की पेशकश' बल्कि विक्रेता से कुछ खरीदने की पेशकश भी वातार्लाप का हिस्सा है। बाजार तभी अच्छी तरह से काम कर सकता है जब बोलने की आजादी हो, स्वतंत्र अभिव्यक्ति, स्वतंत्र बहस, असंतोष व्यक्त करने और यहां तक कि अपमान करने की भी आजादी हो। जून महीने में आधुनिक आर्थिक सोच के पितामह माने जाने वाले स्कॉटिश दार्शनिक एडम स्मिथ की 300वीं जयंती मनाई गई। 1776 में उनकी सबसे प्रसिद्ध पुस्तक 'राष्ट्रों की संपत्ति की प्रकृति और कारणों में एक जांच' (एन इन्क्वायरी इन टू दी नेचर एंड कॉजेस ऑफ दी वेल्थ ऑफ ए नेशन) प्रकाशित हुई थी। उसी वर्ष अमेरिका ने यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। यह संयोग बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आधुनिक दुनिया में संयुक्त राज्य अमेरिका मुक्त उद्यम का पहला और सबसे स्थायी गढ़ है। यह सबसे बड़ी और सबसे समृद्ध अर्थव्यवस्था है इसलिए नहीं कि यह मुक्त बाजारों के सिद्धांत और कामकाज पर आधारित है। बाजार अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास व्यक्तिगत उद्यम और स्वहित की खोज के कारण होता है। यह स्मिथ की बुनियादी अंतर्दृष्टि थी। उन्होंने 'वेल्थ ऑफ नेशंस' में लिखा है-'हम अपने रात के खाने की उम्मीद कसाई, शराब बनाने वाले या बेकर के परोपकार से नहीं बल्कि उनके अपने हित संबंध की वजह से करते हैं। हम खुद को संबोधित करते हैं, उनकी मानवता के लिए नहीं बल्कि उनके आत्म-प्रेम के लिए; और हम कभी भी उनसे अपनी आवश्यकताओं के बारे में बात नहीं करते बल्कि उनके फायदे के बारे में बात करते हैं।' जब तक अच्छी तरह से परिभाषित नियमों (उदाहरण के लिए, संपत्ति का अधिकार) का पालन किया जाता है तब तक स्वहित की खोज सामाजिक भलाई व समृद्धि को बढ़ावा देती है। यह बुनियादी अंतर्दृष्टि आज तक मान्य है। जब उद्यमी या निवेशक लाभ का अनुसरण करते हैं तो वह लाभ दूसरों के जीवन में सुधार का संकेत देता है। स्मिथ ने उसी पुस्तक में यह भी चेतावनी दी कि आर्थिक विकास की सबसे अच्छी प्राप्ति लोगों को अपनी संपत्ति (यानी पूंजी) का प्रबंधन करने देकर प्राप्त की जा सकती है। सरकारों के हस्तक्षेप या 'केंद्रीय योजना' करने से इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। कोई भी सरकार बेहतरीन तरीके से भी यह तय नहीं कर सकती है कि बाजार क्या हासिल कर सकता है। इसके साथ ही पूंजी आबंटन निर्धारित करने की शक्ति सरकारों को सौंपना मूर्खतापूर्ण और संभवतः विनाशकारी है। फ्रेडरिक वॉन हायेक की 'रोड टू सर्फडम' एक चेतावनी थी जो निश्चित रूप से स्मिथ और बाद के उदारवादी दार्शनिकों से प्रेरित थी जो सरकारों द्वारा बाजार में बहुत अधिक हस्तक्षेप के खतरों के बारे में थी। एक हस्तक्षेप दूसरी दखलंदाजी की ओर जाता है और इस तरह आप जल्द ही बेड़ियों में पूरी तरह से जकड़ जाते हैं। मजदूरी को कम रखने के लिए भारत में कृषि में मूल्य सीमा निर्धारित की और फिर मूल्य सीमा के प्रभाव को कम करने के लिए किसानों को सब्सिडी दी। फिर उस पर बड़े पैमाने पर सरकारी खरीद की। भारतीय कृषि अक्सर राज्य की विरोधाभासी दखलंदाजी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जिसके कारण भारतीय किसान गरीबी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। औद्योगिक नीति पर हालिया हस्तक्षेपवादी सोच के निस्संदेह दुष्प्रभाव भी होंगे जो बाद में और अधिक हस्तक्षेप की मांग करेंगे। यदि आप बाजारों को काम नहीं करने देते हैं तो आपको बुरे नतीजे मिलते हैं। वेल्थ ऑफ नेशंस की तुलना में चार दशक बाद स्मिथ के नक्शेकदम पर चल रहे कार्ल मार्क्स ने पूंजीवाद को आवश्यक बुराई के रूप में देखा। स्मिथ मानते थे कि पूंजीवाद समृद्धि का कारण बनेगा उसके विपरीत मार्क्स ने भविष्यवाणी की कि पूंजीवाद अपने आंतरिक विरोधाभासों से बर्बाद हो जाएगा। संयोग से स्मिथ बाजारों के संदर्भ में कार्टेल और एकाधिकार प्रथाओं के खतरों से अवगत थे। उन्होंने लिखा- 'एक ही व्यापार में शामिल लोग शायद ही कभी एक साथ मिलते हैं, यहां तक कि आमोद-प्रमोद या मन बहलाव के लिए भी नहीं मिलते लेकिन जब भी मिलते हैं तो बातचीत जनता के खिलाफ षड़यंत्र या कीमतें बढ़ाने की साजिश में समाप्त होती है।' यह उक्ति आज भी लागू होती है क्योंकि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग जैसे संगठन कार्टेल के खिलाफ निगरानी रखते हैं। स्मिथ वाणिज्यवाद के खिलाफ थे जिसके कारण वे अपने समय में अलोकप्रिय थे। किन्तु उनके पास इस बात को कहने का एक सौम्य तरीका था। उन्होंने कहा- 'यदि आप स्कॉटलैंड में अंगूर उगाने और शराब बनाने की कोशिश करते हैं तो यह तीस गुना अधिक महंगा होगा और अगर विदेशों से आयात करते हैं तो यह सस्ता पड़ेगा'। 'क्या केवल स्कॉटलैंड में क्लैरेट और बरगंडी वाईन बनाने को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विदेशी वाइन के आयात को प्रतिबंधित करना एक उचित कानून होगा?' क्या हम हर चीज में आत्मनिर्भर हो सकते हैं? अमेरिका एक ग्राम भी कॉफी या गन्ना नहीं उगाता है और फिर भी दोनों का उच्चतम उपभोक्ता है। सिंगापुर भोजन, ऊर्जा और यहां तक कि पीने के पानी का आयात करता है। तो फिर स्मिथ की फिलॉसफी के संदर्भ में 'आत्मनिर्भर' को कैसे समझा जा सकता है? हालांकि स्मिथ को केवल उनकी 'वेल्थ ऑफ नेशंस' पुस्तक के नजरिए से समझना अधूरा और भ्रामक होगा। उन्होंने सत्रह साल पहले 1759 में एक और पुस्तक लिखी 'दी थ्योरी ऑफ मॉरल सेंटीमेंट्स'। इसी किताब को वे अपना सबसे महत्वपूर्ण योगदान मानते हैं। इस पुस्तक ने स्कॉटिश प्रबोधन के एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उनका कद और बढ़ाया है। वे न्याय और निष्पक्षता के बारे में बहुत चिंतित थे। उनका यह भी मानना था कि लोग दूसरों को चोट पहुंचाकर अपने लिए बेहतर नहीं करना चाहते हैं। हमारे पास एक 'आत्म दर्शक' है जो हमारा मार्गदर्शन करता है जिसकी कोई आंतरिक विवेक के रूप में व्याख्या कर सकता है। उन्होंने लिखा- 'मानव सुख का मुख्य हिस्सा प्रिय होने की चेतना से उत्पन्न होता है।' उसका प्यार किया जाना लोगों को खुश करने के बारे में नहीं है बल्कि प्रशंसा और सम्मानित होने के बारे में है। मनुष्य न केवल प्यार चाहता है बल्कि प्यार करना भी चाहता है। यह प्यार के योग्य होना है और उस उच्च नैतिक मानक को जीना है। इन्फोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने अप्रत्यक्ष रूप से इस बात को दोहराते हुए एक बार कहा था कि वे चाहते हैं कि उनकी कंपनी सबसे बड़ी या सबसे अधिक लाभदायक या उच्चतम बाजार मूल्य वाली न हो बल्कि सबसे सम्मानित हो। स्मिथ ने लिखा है कि हम दूसरों के संकट को नहीं समझ सकते हैं क्योंकि हमने कभी इसका अनुभव नहीं किया है। फिर भी, हम इसकी कल्पना कर सकते हैं या खुद को दूसरों के स्थान पर रखकर देख सकते हैं। यह सहानुभूति का सार है जिसे उन्होंने चैंपियन बनाया। स्मिथ यह तर्क देने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि बहुत अधिक असमानता अन्यायपूर्ण और अनुचित है। लेकिन उनका मानना था कि लाभ के माध्यम से दूसरों के जीवन की बेहतरी आएगी और यह परोपकार के माध्यम से आएगी, न कि सरकार की जबर्दस्ती से। बेशक इस पर बहस हो सकती है लेकिन निष्पक्षता और न्याय के लिए उनकी चिंता के बारे में बहस नहीं हो सकती। स्मिथ ग्लासगो विश्वविद्यालय में लॉजिक एंड रेटरिक विभाग के प्रमुख थे। स्वाभाविक रूप से शंका निवारण की कला उनकी थीसिस का केन्द्र बिन्दु थी।

# मूलभूत सुविधाओं से वंचित है मुंबई से सटा आदिवासी जिला पालघर

**अशोक**

**पालघर एक** आदिवासी जिला होने के कारण लोगों को उम्मीद थी कि इस जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की बाढ़ आ जाएगी लेकिन नो साल में इन विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंचा। जो नींव रखी जानी चाहिए, जिसका प्रबंधन किया जाना चाहिए, विकास योजना को लागू करते समय प्रभावी योजना, सख्त कार्यान्वयन और स्वतंत्र मूल्यांकन के त्रय का उपयोग करना है। परिवहन और संचार में किसी भी जिले की प्रगति को देखते हुए, किसी भी जिले की प्रगति को देखते हुए, परिवहन और संचार सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और रोजगार मुख्य पैरामीटर हैं। इन मानदंडों को देखते हुए पालघर जिला काफी पीछे रह गया। जिले को अस्तित्व में आए आज नो साल पूरे हो गए हैं। 1 अगस्त 2014 को, तत्कालीन गठबंधन सरकार ने ठाणे जिले को विभाजित किया और एक नया आदिवासी पालघर जिला बनाया। ठाणे जिले के विशाल क्षेत्र और प्रशासनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण, जिले के निवासी पिछले कई वर्षों से नए जिले की मांग कर रहे हैं। 985 से लगातार मांगों के बावजूद, कांग्रेस, गठबंधन और उसके बाद की गठबंधन सरकारों ने लोगों की इस मांग का कभी जवाब नहीं दिया। जिले का पश्चिमी भाग कुपोषण, पानी की कमी, खराब खाद्य आपूर्ति, खराब स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली जैसी विभिन्न समस्याओं के कारण जीर्ण-शीर्ण हो गया था। इसने जिले के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में मानव जीवन को प्रभावित किया। इससे हजारों आदिवासी बच्चे इस दौरान भूख और कुपोषण के शिकार हुए। इस अवधि के दौरान, मोखदा तालुका के वावर-वंगानी गांव में सैकड़ों आदिवासी बच्चों की मौत हो गई। लेकिन तब भी सरकार ने बंटवारे के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया। अथर्व विश्व गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी ना, प्रकृति पर निर्भर कृषि से स्थानीय भूमिपुत्र में काफी आक्रोश है। उन्होंने इस नाराजगी का इंतजार 2014 में किया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार हुई और राज्य में गठबंधन सरकार एक कठोर जागृति के साथ जाग गई और तुरंत जिलों को विभाजित करने का फैसला किया। इस नए जिले में, वसई को छोड़कर, अन्य सात तालुका आदिवासी तालुका हैं। गठबंधन सरकार ने बिना किसी योजना के बहुत जल्दबाजी में एक नया जिला बनाने का फैसला किया। यह निर्णय इस डर से लिया गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिलेवासियों की नाराजगी प्रभावित होगी। लेकिन ऐसा फैसला लेने के बाद भी गठबंधन को सत्ता से हटना पड़ा. दरअसल, ठाणे जिले को विभाजित करते समय इसे पहाड़ी, तटीय और शहरी में विभाजित करना आवश्यक था। लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। वसई तालुका को ठाणे जिले में ही होना चाहिए था। लेकिन सरकारी नीति के कारण, आदिवासी पालघर जिले का गठन किया गया, जिसमें सात तालुका आदिवासी थे और एक तालुका सामान्य था। इस जिले को भले ही नो साल पूरे हो गए हों, लेकिन जिले ने अभी तक विकास को जन्म नहीं दिया है। पार्टी की ताकत को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में आदिवासियों की स्थिति अभी भी जैसी है. विधायक हितेंद्र ठाकुर के बहुजन विकास आघाडी, राकांपा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और शिवसेना के एक-एक विधायक हैं, सांसद शिवसेना के साथ हैं। जिले में चार आदिवासी विधायक और एक सांसद होने के बावजूद जिले में आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। यह भी बेहद खेद की बात है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अक्षमता के कारण पिछले आठ वर्षों में सात सौ करोड़ से अधिक विकास निधि बिना खर्च किए वापस चली गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बड़ी राशि उपलब्ध है, लेकिन कई योजनाएं भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से त्रस्त हैं। कार्य योजना तैयार करने के साथ-साथ वास्तविक कार्य की निगरानी के लिए आवश्यक जनशक्ति की कमी के कारण कार्य की गुणवत्ता को बनाए नहीं रखा जाता है। इसलिए करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी आठ वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।

स्थानीय लोगों के विरोध पर विकास के नाम पर कुछ राष्ट्रीय परियोजनाएं जिलेवासियों के सिर पर थोपी जा रही हैं। हालांकि, नागरिकों द्वारा अपेक्षित सतत विकास को प्राप्त करने के लिए, मूल्यवर्धन कृषि परियोजनाओं, उद्योगों और सेवा क्षेत्र के लिए संयुक्त उद्यमों के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनाया गया है। 2300 मिमी की औसत वर्षा प्राप्त करने वाले जिले में, पानी को रिचार्ज करने और समुद्र में बहने वाले पानी को रोकने के लिए कोई नया प्रस्तावित छोटा बांध और सिंचाई परियोजनाएं नहीं हैं। एक ओर जहां हरित पट्टी को नष्ट करते हुए कंक्रीट की इमारतों के माध्यम से शहरीकरण की प्यास बुझाने के लिए जल नियोजन की उपेक्षा की गई है। इस तथ्य के बावजूद कि जिले के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के साथ-साथ पहाड़ी आदिवासी क्षेत्रों में पीने के पानी का सूखा प्रशासन इस पर कोई कदम नहीं उठा रहा है। इस क्षेत्र से मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे, विरार-अलीबाग एलिवेटेड रोड, मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग का आठ लेन विस्तार, विरार-दहानू रोड रेलवे चार लेन विस्तार की योजना बनाई जा रही है। परियोजना निमार्णाधीन है . नए विकासशील शहरों की कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए समुद्री क्षेत्र से बहने वाली छोटी और बड़ी खाड़ियों और नदियों पर पुलों के निर्माण का कार्य भी निष्क्रिय पड़ा हुआ है। कृषि जिले में कृषि उपज के प्रसंस्करण और उपज के निर्यात के लिए सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई है। ऐसा नहीं देखा जाता है कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कृषि उपज, दुग्ध उत्पादन की बिक्री (विपणन) के लिए कोई विशेष योजना लागू की गई है। कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्र भी कई समस्याओं से ग्रस्त हैं और प्रशासन में निरंतरता और दूरदर्शिता की कमी के कारण ग्रामीण जिलों में लागू हल्दी और मोगरा वृक्षारोपण की पायलट योजनाएं एक साल बाद अप्रभावी हो गईं। जिले में सरकारी चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण, नागरिकों को इलाज के लिए गुजरात राज्य और आसपास के केंद्र शासित प्रदेश या मुंबई-ठाणे में शरण लेनी पड़ती है। पालघर में नव प्रस्तावित जिला सामान्य अस्पताल के साथ-साथ जवाहर में राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं। यदि जिले में निजी चिकित्सा अस्पताल स्थापित करने के इच्छुक तीन-चार संगठनों को मंजूरी मिल जाती है तो जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। धन की कमी के कारण, रेंगाले मनोर में ट्रामा केयर सेंटर को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की आवश्यकता है। आदिवासियों की आजीविका के साथ-साथ प्रवास को रोकने के साथ-साथ आदिवासियों द्वारा उत्पादित विभिन्न पारंपरिक वस्तुओं, वारली पेंटिंग के लिए बिक्री हॉल स्थापित करने के लिए ठोस कार्यक्रमों की योजना बनाने की आवश्यकता है। जिले के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और विकास के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर को ऊपर उठाना जरूरी है। जिले के निर्माण के बाद से आठ वर्षों में रोजगार की कमी और यहां के आदिवासियों के हर साल पलायन में कोई बदलाव नहीं आया है। जिले में कुछ हद तक वसई, पालघर, दहानू, वाडा तालुकाओं का औद्योगीकरण किया गया है। लेकिन यहां रोजगार के अवसर स्थानीय लोगों के लिए कम और विदेशियों के लिए ज्यादा हैं। पिछले साल से कोरोना महामारी के कारण कई लोगों की नौकरी चली गई है। बुनियादी सुविधाओं की कमी, बिजली की समस्या, महिलाओं को पानी के लिए पाइप ढोने की समस्या अभी भी उनमें निहित है। लेकिन न तो सरकार और न ही जिले के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देते हैं, इसलिए यहां के आदिवासियों के पास रोजगार के लिए हर साल मुंबई, ठाणे, कल्याण जैसे शहरी क्षेत्रों में पलायन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इन आठ वर्षों में कृषि क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। जिले में कृषि मुख्य रूप से वर्षा जल पर की जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में लगातार बारिश में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों के किसान चिंतित हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कृषि सिंचाई के अन्य विकल्प खोजने के लिए जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों दोनों की मानसिकता की कमी के कारण भविष्य में कृषि जिले के रूप में जिले की पहचान मिट जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अभी तक रोजगार सृजन के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। यह जिला पत्थर खदानों, बालू खनन, ईंट भट्ठों, भूमि खरीद-बिक्री के लेन-देन से कठिन धन प्राप्त करने के एकमात्र उद्देश्य से आगे बढ़ता रहा, इसलिए लोगों की स्थिति भीख मत मांगो, लेकिन कुत्तों जैसी हो गई है। शिक्षा की दृष्टि से इन आठ वर्षों में शिक्षा व्यवस्था सुधारने की बजाय और बिगड़ती चली गई। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद के स्कूलों को अपर्याप्त शिक्षण स्टाफ, शिक्षा की बिगड़ती गुणवत्ता और व्यवस्था में कदाचार के कारण बंद कर दिया गया था।

# राजस्थान में सरकार वापसी के बहुतेरे जतन, जनता अभी खुद में मगन

**राजेश खण्डेलवाल**

**राजस्थान** विधानसभा चुनाव में अब 6 माह भी शेष नहीं हैं। ऐसे में राज्य में दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस व भाजपा के साथ ही अन्य दल बसपा, रालोपा, सपा, आप व रालोद भी अब चुनावी मोड़ में आ चुके हैं। वहीं राज्य में सत्ता वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बहुतेरे जतन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत अपनी कांग्रेस सरकार की विभिन्न योजनाओं का हर जगह खूब बखान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने जनता को अपने पक्ष में करने के प्रदेश में 19 नए जिलों की ब्रह्मास्त्र रूपी घोषणा की। हालांकि जयपुर सहित कई जिलों में क्षेत्र के बटवारे को लेकर अंसतोष भी लोगों में पनपा। मुख्यमंत्री गहलोत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हवाई दौरा कर चुके हैं। नवगठित जिलों में भी पहुंचकर लोगों को विकास रूपी होने वाले लाभ गिना रहे हैं। ऐसे में वे जनता के बीच लोक-लुभावन घोषणाओं के साथ ही योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी जमकर कर रहे हैं। पार्टी में पनपे अंसतोष को थामने और विभिन्न वर्गों को साधने के लिए मुख्यमंत्री गहलोत विभिन्न बोर्ड व अकादमियों के गठन के साथ ही उनमें तथा राज्य-जिला स्तरीय समितियों में राजनीतिक नियुक्तियां कर कार्यकताओं को खुश रखने का प्रयास कर रहे हैं। युवा व बेरोजगारों के लिए मेगा जॉब फेयर लगाए तो महिलाओं के लिए 500 रुपए में गैस सिलेण्डर देने की घोषणा की। आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा मुख्यमंत्री गहलोत ने यह कहकर विधायकों को संतुष्ट रखने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों पर भी गाहे-बगाहे जनता को यह बताते रहते हैं कि आपके विधायक को मैंने वह भी दिया, जो उसने मांगा ही नहीं था। इसका कारण बताते हुए गहलोत यह भी कहते नहीं थकते कि जनता का उनसे ज्यादा हितैषी कोई नहीं है।कला व साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए भी सीएम गहलोत ने कई प्रोत्साहन पुरस्कारों की घोषणा की है तो पिछले दो साल से किसानों के लिए अलग से बजट पेश कर रहे हैं। हालत ऐसी है कि बजट से भी ज्यादा घोषणाएं तो अब वे विभिन्न जिलों के हवाई दौरे में कर रहे हैं। ये घोषणाएं धरातल पर कितनी कारगर व क्रियान्वित होंगी या फिर हवा-हवाई होकर रह जाएंगी, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। रीट में चीट जैसे मामले में किरकिरी झेल रही गहलोत सरकार अब और ज्यादा दागदार होने से शायद परहेज कर रही है। तभी तो महिलाओं को स्मार्ट फोन देने का मामला हो या फिर विद्यार्थियों को टेबलेट। लम्पी प्रभावित किसानों का मामला हो या फिर सीएम अन्नपूर्णा योजना में फूड पैकेट देने का मामला। ऐसी योजनाओं में सरकार अब नकद राशि लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर कर खुद को पाक-साफ साबित करने का जतन कर रही है। मंहगाई राहत शिविर लगाने के साथ ही कई अन्य योजनाओं में फ्री बिजली, श्रमिक सम्बल योजना आदि से भी लोगों को राहत देने का जतन किया जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों के लिए उन्होंने कई घोषणाएं की है, जिनमें वर्ष 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को लागू करना बड़ी घोषणा है।

इस तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज्य में सत्ता वापसी के लिए किए जा रहे बहुतेरे जतन कितने कारगर साबित हो सकेंगे, यह तो आने वाले चुनाव के नतीजों के बाद ही तय हो सकेगा, लेकिन फिलहाल वे सत्ता वापसी के लिए कोई कोर-कसर बाकी छोडना नहीं चाहते। मुख्यमंत्री गहलोत विभिन्न योजना के साथ ही राहत इन कैश के प्रचार-प्रसार में भी जी-जान से जुटे हैं और इसके लिए इलैक्ट्रोनिक व प्रिंट मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहे हैं।

# विवाह : बदल रही है समाज की सोच और संस्कार

**डॉ. नीरज भारद्वाज**

**भारतीय स**नातन संस्कृति में हमारे जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों का समावेश है। संस्कारों की यह परंपरा हर क्षण होती ही रहती है। जन्म के समय संस्कार, नामकरण संस्कार, विद्या ग्रहण संस्कार, ब्रह्मचारी संस्कार, पाणी ग्रहण संस्कार, अंतिम संस्कार आदि। संस्कारों का यह योग ही जीवन चक्र को चलाता है। एक गृहस्थ के जीवन में इन संस्कारों का बड़ा ही महत्व है। संस्कारों की इस कड़ी में महत्वपूर्ण तो सभी संस्कार हैं पर हम यहां विवाह संस्कार की बात कर रहे हैं। विवाह शब्द को लेकर कुछ पर्याय या अन्य शब्द भी हमारे समाज में सुनाई देते हैं- शादी, ब्याह, मैरिज, पाणी ग्रहण, प्रणय सूत्र आदि। आज के आधुनिक जीवन के युवा विवाह में जाते जरूर है, लेकिन कितने इस संस्कार के बारे में जानते-समझते हैं? कितना इसे निभाना जानते हैं? यह एक बड़ा प्रश्न है। विवाह संस्कार समय के साथ परिवर्तित भी हुए हैं। मनुस्मृति में विवाह संस्कार के आठ प्रकार बताएं गए हैं- ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथाऽऽसुरः। गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः।।

इस दृष्टि से आठ प्रकार के विवाह हैं। एक ब्राह्म इसमें वर-कन्या दोनों यथावत ब्रह्मचर्य से पूर्ण विद्वान, धार्मिक आदि गुणों से भरे परस्पर प्रसन्नता से विवाह करते हैं। दूसरा दैव इसमें विस्तृत यज्ञ करके, ऋत्विक के कार्य करते हुए जमाता को अलंकार युक्त (संस्कारों से भरी) कन्या को देना। तीसरा आर्ष इसमें वर से कुछ लेकर विवाह होना। चौथा प्राजापत्य इसमें दोनों का विवाह धर्म की वृद्धि के अर्थ होना है। पांचवा आसुर इसमें वर-कन्या को कुछ देकर विवाह होना है। छठा गान्धर्व इसमें अनियम, असमय, किसी कारण से वर कन्या का इच्छा पूर्वक परस्पर संयोग होना होता है सातवां राक्षस इसमें लड़ाई करके, बलात्कार अर्थात छल-कपट-झपट कर, छीन कर आदि से कन्या का वरण करना है। आठवां पैशाच इसमें शयन अर्थात सोते हुए, मद्यादि पीकर आपे से बाहर कन्या से बलात्कार, संयोग करना है। विवाह की परंपराओं में ब्राह्म विवाह सर्वोत्कृष्ट है। दैव और प्राजापत्य मध्यम है। आर्ष, आसुर और गान्धर्व निकृष्ट है। राक्षस, अधम और पैशाच महाभ्रष्ट हैं।

युग परिवर्तन के साथ-साथ विवाह संस्कारों में परिवर्तन होता गया। लोगों की सोच, रहन-सहन, खान-पान, कार्यशैली, जीवन शैली में भी परिवर्तन होता गया।

# मोदी के नौ साल, बेमिसाल: विधायक

## पाठा क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक बदलाव: सांसद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की मौजूदगी में सांसद आरके सिंह पटेल व मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने मोदी सरकार के नौ साल, बेमिसाल की बाबत कहा कि नौ साल में पाठा क्षेत्र में भारी बदलाव देखने को मिल रहा है। अब आदिवासी समुदाय के लोग टेज्नों में लकडियां लादकर नहीं लाते। आदिवासी समुदाय के लोग भी अब गैस चूल्हा से खाना पकाने लगे हैं।

शनिवार को लोनिवि विश्राम गृह में सांसद आरके सिंह पटेल व विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चर्न्द्रप्रकाश खरे, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्र व भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष मदनगोपाल शुक्ल की मौजूदगी में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने कहा कि पाठा क्षेत्र में बन्द पडी सिलौटा पम्प कैनाल को शुरूकर लोगों को घर-घर पेयजल पहुंचाया जा रहा है। दूर-दराज के गांवों में भी नल से जल देने का लक्ष्य है। रानीपुर वन्य जीव विहार को रानीपुर रिजर्व टाइगर में तब्दील कर दिया गया है। दुनिया भर के लोग टाइगर रिजर्व में आयेंगे। देवांगना हवाई पट्टी भी तैयार है, यहां हवाई जहाज उतरते ही पर्यटकों का




आवागमन शुरू हो जायेगा। पाठा की धरती में ऐतिहासिक कार्य मोदी सरकार में हुए हैं। पाठा क्षेत्र की सभी सडकों को तीन मीटर की जगह नौ मीटर चैडा करने का कार्य हो रहा है। मऊ से पाली परदवां मार्ग भी सात मीटर का बनेगा। रास्ते के सभी पुल-पुलिया अच्छे ढंग से बनेंगी। सांसद पटेल व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना में भी तमाम कार्य किये जा रहे हैं। नेतृत्व ने विकास की ऊंचाइयां छुई है। 75 अमृत सरोवर बन रहे हैं, ताकि लोगों को पेयजल की दिक्कत न हो। सिंचाई का कार्य भी लोग कर सकें। बांधों को जोडने की योजना बनाई है। 21वीं सदी का भारत, मोदी का भारत होगा, विश्व गुरु बनने की ओर भारत अग्रसर है। उन्होंने पाठा क्षेत्र मानिकपुर के विकास की अरबों रुपये की योजना की सडकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में भाजपा नेता रविप्रकाश त्रिपाठी, राजीव त्रिपाठी, शक्तिप्रताप सिंह तोमर, भागवत त्रिपाठी मौजूद रहे।

## नये रोजगार को आनलाइन करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उपायुक्त उद्योग एसके केसरवानी ने बताया कि नई इकाई की स्थापना को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2023-24 के तहत निर्माण क्षेत्र की परियोजना की 25 लाख रुपए की लागत तक के सेवा क्षेत्र के दस लाख रुपए तक लागत के आवेदन ऑनलाइन मांगे जाते हैं। शनिवा को उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को आवेदन वेबसाइट पर ऑनलाइन करना होगा। अधिक जानकारी को सहायक प्रबंधक अजय प्रसाद के मोबाइल नंबर- 85 74060505 पर संपर्क कर सकते हैं। किसी भी दशा में मैनुअल भरे आवेदन मंजूर नहीं होगे। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण, फोटो, आय प्रमाण पत्र, हस्ताक्षर शैक्षिक योग्यता निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना रिपोर्ट एवं नोटरी घोषणा पत्र भेजें। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है।

## 22 जून को आ रहा है सैनिक दल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह ने जिले के भूतपूर्व सैनिक, शहीदों की विधवाओं, उनके आश्रितों से कहा है कि कर्नल वेटरन हेड क्वार्टर पूर्वी यूपी एंड एमपी सब एरिया वेटरन ब्रांच प्रयागराज से एक चार सदस्यीय दल जिला मुख्यालय 22 जून को आ रहा है। 22 जून को पूर्वान्ह 11 से एक बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में आकर समस्याओं का निस्तारण करेगा। पेंशन संबंधी स्पर्श ईसीएचएस से संबंधित डॉक्यूमेंटेशन से संबंधित रिकॉर्ड आदि समस्या निस्तारण को प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में दे सकते हैं।

## शादीशुदा बेटी को पिता ने मारी गोली, बेटी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आपसी विवाद के दौरान पिता ने शादीशुदा बेटी की गोली मार दी। बेटी लहूलुहान होकर गिर गई। घटना के समय बेटी के ससुराल वाले लेने को आए थे। पिता बेटी को ससुराल जाने से मना कर रहा था। बेटी की हालत अस्पताल में गंभीर है।

शनिवार को बेटी को गोली मारने की ये घटना मऊ थाना मऊ के बरियारी कला गांव में हुई। बताया गया कि गांव के अभिमन्यु मिश्रा ने अपनी बेटी मुस्कान (18) की शादी दस मई को शंकरगढ़ में की थी। कुछ दिन पहले मुस्कान ससुराल से मायके आई थी। आज उसके ससुराल वाले उसे विदा कराने को आए थे। अभिमन्यु बेटी से ससुराल न जाने की बात कह रहा था।

बेटी ने ऐसा करने से मना किया तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। कुछ देर में अभिमन्यु अंदर गया और तमंचा निकालकर बेटी पर फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर घर वाले भागे तो देखा की मुस्कान लहूलुहान पड़ी है। आनन-फानन में परिजन और ससुरालीजन अस्पताल लेकर भागे। ससुरालीजनों ने शंकरगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर है। घटना के बाद से पिता फरार है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बिना मानक के चल रहे नर्सिंग होम, खुलेआम कर रहे सिजेरियन डिलेवरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में कई नर्सिंग होम बिना मानक के अवैध ढंग से चल रहे हैं। ऐसे भी नर्सिंग होम हैं, जिनमें प्रमाणित चिकित्सक का अभाव है। इससे नर्सिंग होम में थोड़ी सी चूक से मरीजों की जान जा सकती है। नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। औपचारिकता पूरी कर जांच में स्पष्टीकरण के आदेश दे दिये जाते हैं।

शनिवार को जिले के नर्सिंग होमों का सर्वे किया गया। सर्वे में पता चला कि नर्सिंग होम बिना मानक के अवैध ढंग से बिना प्रमाणित चिकित्सक के फल-फूल रहे हैं। जिले में बिना नर्सिंग होम एक्ट का पालन किये तमाम अस्पताल चल रहे हैं। इनके पास न तो प्रशिक्षित चिकित्सक हैं और न ही स्वास्थ्य कर्मी। बुखार से लेकर ऑपरेशन, सीजेरियन डिलेवरी तक कर मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। इन अस्पतालों के बारे में विभाग अनभिज्ञ है, क्योंकि वरदहस्त व मेहरबानी के बिना कुछ भी संभव नहीं है।

जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों तक में फैले मानक विहीन अस्पताल चल रहे हैं। कुछ तो ऐसे भी हैं जो मेडिकल स्टोर भी चला रहे हैं। पीछे दो कमरों में पूरा नर्सिंग होम चल रहा है। इन अस्पतालों में कोई डिग्री धारी डॉक्टर भी नहीं है। हर तरह के मरीजों को भर्तीकर आर्थिक शोषण के साथ जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। राजापुर-बरगढ़ से लेकर जिला मुख्यालय तक ऐसे अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है। इन पर कोई कार्यवाही नही हो रही है।

## डीएम ने मौके पर देखा स्टाम्प कमी का मामला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने मानिकपुर ग्रामीण के गोविंदनगर में स्टाम्प कमी के मामले का मौके पर निरीक्षण किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने क्रेता मनमोहन चैधरी पुत्र किशोर चैधरी निवासी ऐलहा पोस्ट श्यामनगर तहसील गुन्नौर भटकुवां पन्ना यमेरादंदा मप्र के विक्रेता सुखीलाल पुत्र शुक्ला निवासी गोविंदनगर से गाटा संख्या 636, 637, 638 972 रकबा 0.219 हेक्टेयर भूमि खरीदा था। जिसमें स्टाम्प कमी का मौके पर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, कानूनगो व हल्का लेखपाल से मौके पर बैनामा के बारे में जानकारी ली। हल्का लेखपाल ने बताया कि बैनामा में चैहद्दी में जो स्टाम्प दिखाये गये हैं, उसमें चारों तरफ खेत दिखाये हैं, जबकि दोनों ओर आबादी है। आने-जाने का रास्ता भी नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि सही ढंग से जांचकर स्टाम्प कमी पूरी करायें।

## पुलिस ने दबोचे दो वारंटी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में दरोगा रामाश्रय सिंह की टीम ने वारंटी श्रीमती हेमा पत्नी देवराज हरिजन निवासी खोह को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा रामाश्रय सिंह, दीवान फरीदुद्दीन, महिला सिपाही रीना चैधरी शामिल रही।

शनिवार को मऊ थानाध्यक्ष राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित सुनील मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी बरहा कोटरा को गिरफ्तार किया है।

## दौलत का सुरुर-वकालत की धौंस रह गई धरी, जल्द ही गिरेगी पूरी इमारत, ऊपरी मंजिल के ध्वस्तीकरण की हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दौलत के नशे का सुरुर और वकालत की धौंस, नियम-कानून के खासे पाबन्द जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के आगे काम न आई। अंततः जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित अशोक गुप्ता की पांच मंजिल इमारत योगी के बुलडोजर के निशाने पर आ गई। पांचवी मंजिल पर प्रशासन-पुलिस की मौजूदगी में मजदूरों ने इमारत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अंजाम दी।

शनिवार को स्कूल संचालक अशोक गुप्ता की स्टेशन रोड स्थित रामनाथ रामकिशुन धर्मशाला के आगे नवनिर्मित इमारत को गिराने को एसडीएम सतीशचन्द्र, नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्र, कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी समेत भारी पुलिस बल व प्राधिकरण के जेई आनन्द



प्रकाश द्विवेदी पहुंचे। व्यवसायिक इमारत नियम-कानून को धता बताकर खडी किया था। इस इमारत को बिना नक्शा मंजूर कराये पांच मंजिला बनाया गया था। सुरक्षा मानकों को दर-किनार कर इस इमारत के बनने से जिलाधिकारी आवास की गोपनीयता भी खतरे में आ गई थी। यहां तक कि इस इमारत से कोई भी आतंकी किस्म के लोग डीएम आवास को कभी भी निशाने पर ले सकते थे। इन सब खतरों को भांपते हुए जिला प्रशासन ने इमारत की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की।

दौलत के नशे में चूर और वकालत की धौस दिखाने वाले अशोक गुप्ता की तमाम हरकतें जिलाधिकारी को रास नहीं आई। उन्होंने उसकी हरकतों के मद्देनजर इमारत को गिराने के आदेश दे दिये। फिलहाल पूरी इमारत पर बाबा का बुलडोजर नहीं चल सका। इमारत का ऊपरी हिस्सा मजदूरों के जोर पर ढहा दिया गया। लोगों को भरोसा है कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द जल्द ही नियम-कानूनों को धता बताकर बनाई गई पूरी इमारत के ध्वस्तीकरण की जल्द कार्यवाही करेंगे। इस बाबत इमारत स्वामी का कुछ लोगों से ये कहना कि स्टे है, फिर भी कार्यवाही की जा रही है, जबकि कोई स्टे नहीं है। उसे हाईकोर्ट व कमिश्नर के यहां से इस बाबत कोई राहत नहीं मिली है।

## विवाद समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थानाध्यक्ष ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

शनिवार को कर्वी कोतवाली के लोढवारा गांव की श्रीमती गोमती पत्नी धीरू ने महिला थाना में सौंपे पत्र में कहा कि पति धीरू पुत्र बहादुर निवासी लोढ़वारा उसके साथ आये दिन लड़ाई-झगडा करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को विस्तार से समझकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, महिला सिपाही रीता यादव, महिला सिपाही शिवानी सिंह शामिल रही।

## 2024 में लोकसभा चुनाव में वामपंथी आंधी के आगे ध्वस्त होगी पूंजीवादी व्यवस्था: रामचन्द्र सरस



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा जिला कौंसिल की बैठक का राम प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में पार्टी कैंप कार्यालय में हुई। बतौर मुख्य अतिथि राज्य सचिव मंडल सदस्य का रामचंद्र सरस मौजूद रहे। का रामचंद सरस ने कहा कि देश महंगाई, बेरोजगारी, अराजकता, बुलडोजरगिरी से परेशान है। गांव का नौजवान बाहर पलायन कर चुका है। गांव का किसान, मजदूर तबाही के कगार पर है। किसानों को फसलों का उचित दाम व एमएसपी की श्रम के आधार पर उचित दर तय न करने से किसान विकराल महंगाई से बबार्दी की ओर जा रहे हैं।

शनिवार को का रामचन्द्र सरस ने कहा कि सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है। भाजपा के मुकाबले को लेकर हमें तैयार रहना चाहिए। जनसंगठनों व पार्टी के सदस्यों को बढ़ाकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ता बनाने होंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में वामपंथी आंधी के सामने पूंजीवादी व्यवस्था नहीं टिक पाएगी।

का अमित यादव एड ने कहा कि राज्य सरकार सड़कें बनवाने के बहाने गरीबों के घर बुल्डोजर से ढहाकर गरीबों में दहशत फैला रही है। सरकार जितने आवास दे रही है उससे ज्यादा आवास गिराने का काम कर रही है। शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था बबार्दी की ओर है चारो तरफ भ्रष्टाचार फैला हुआ है। गांवों की सड़कों को हर घर नल योजना के कारण ध्वस्त हो गई है।

का राम प्रसाद सिंह ने कहा कि पार्टी के साथ मेहनतकश वर्ग के जुड़ने का सही समय आ गया है। समय रहते मेहनतकश वर्ग नहीं चेता तो ये पूंजीवादी व्यवस्था उन्हें गुलाम बना देगी। बैठक में का संदीप कुमार पाण्डेय, चंद्रपाल पाल, महेन्द्र प्रताप वर्मा, कमलेश प्रसाद, सुशील सिंह, रविकरन, दादूराम, का शिवबरन, हनुमान, राजेन्द्र कुमार, प्रद्युम्न यादव, राजधर विश्वकर्मा, कमलेश कुमार, का बेलिया आदि मौजूद रहे।

## भूमि विवाद मामले में मौके पर भेजें टीम: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डीएम-एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को मानिकपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायत रजिस्टर मंगाकर पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में मिली शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की। सहायक चकबंदी अधिकारी मानिकपुर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए पत्रों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया। उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी मानिकपुर से कहा कि भूमि विवाद




के मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निस्तारित करायें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार समय सीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण के साथ लाभार्थी को भी जानकारी दें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, उप निदेशक कृषि राजकुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अपर चिकित्सा अधिकारी इम्तियाज, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, जिला विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा, खंड विकास अधिकारी धनंजय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरूप, अधिसाशी अभियंता आरएस वर्मा, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी यशवंत कुमार मौर्य समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गर्मजोशी से भाजपा प्रत्याशी नीलम ने जिला योजना समिति में किया नामांकन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के समर्पित प्रत्याशी नीलम पत्नी बृजेन्द्र शुक्ला ने जिला योजना समिति के सदस्य पद को नामांकन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंन्द्र प्रकाश खरे की अगुवाई में सांसद आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्र व भाजपा नेता रविप्रकाश त्रिपाठी ने नीलम शुक्ला का नामांकन कराया।

शनिवार को भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से जिला योजना समिति के सदस्य पद पर नीलम शुक्ला कलेक्ट्रेट जाकर नामांकन कराया। इस मौके पर वार्ड मेम्बर विनीत पयासी, अनुज श्रीवास्तव, लवकुश यादव, शकुंतला देवी, शैलेन्द्र सोनी, शुभम केशरवानी, कामता कोटार्य, शिव प्रकाश कुशवाहा,



नगर अध्यक्ष अर्चना सिंह, सुख देवी, वार्ड मेम्बर मंगल पाण्डेय, जितेन्द्र मोहन शुक्ला, राम सागर चतुर्वेदी, शानू गुप्ता, सुमित मिश्र, भागवत त्रिपाठी, आभेष मिश्र, बृजेन्द्र शुक्ला, जुगु त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। जिला योजना समिति के सदस्य पद पर नामांकन दाखिल कर नीलम शुक्ला ने कहा कि नगर निकायों के विकास को सभी वार्ड मेम्बरों के साथ मिलकर काम करेंगे। योजना समिति की बैठक में मजबूती से सभी की बात और समस्या के मुद्दे रखे जायेंगे। सभी समस्याओं के निदान को नगर निकाय से लेकर जिला स्तर पर पूरी मजबूती से संघर्ष कर न्याय दिलाने का काम किया जायेगा। उन्होंने नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी, नगर पंचायत मानिकपुर, राजापुर, मऊ, मानिकपुर के सभी वार्ड मेम्बरों से सहयोग-समर्थन की अपील की है। नीलम शुक्ला ने वायदा किया कि सभी वार्ड मेम्बर के दुख-सुख में हमेशा खड़े रहेंगी।

## यातायात प्रभारी ने किये 121 चालान

### कडी धूप में हटवाया अतिक्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निदेशालय से जारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सीओ सिओ हर्ष पाण्डेय के निर्देश पर यातायात प्रभारी मनोज कुमार की अगुवाई में जिले के मुख्य चैराहों पर वाहनों की जांच की गई। शनिवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने दोषपूर्ण नंबर प्लेट के 21 चालान, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के नौ चालान, नो पार्किंग के 25 चालान, सीट बेल्ट न लगाने के नौ चालान तथा अन्य धाराओं में कुल 121 चालान किए। आमजनता को दोपहिया चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चारपहिया



वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करनें एवं अन्य यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। अमावस्या मेला में आने वाले लाखों की तादाद में श्रद्धालुओ को जाम से निजात दिलाने के मद्देनजर स्टेशन रोड में दुकानदारों के अवैध ढंग से किये अतिक्रमण को खुद कड़ी धूप में प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार ने हटवाया। टीएसआई शैलेन्द्र सिंह, चालक देवेन्द्र सिंह व हमराह चन्द्रवीर सिंह मौजूद रहे।


## नेपाल के राष्ट्रपति की तबीयत फिर बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार सुबह काठमांडू के मनमोहन कार्डियोथोरेसिक वैस्कुलर एंड ट्रांसप्लांट सेंटर में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. रत्नामणि गजुरेल ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रपति पौडेल के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 13 जून को पौडेल को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और 14 जून को उन्हें डिस्चार्ज किया गया था। पौडेल को 19 अप्रैल को उपचार के लिए दिल्ली ले जाया गया था। इलाज के बाद वह मई के पहले सप्ताह में नेपाल लौटे थे।



## फ्रांस में 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटकों से हिली धरती

**पेरिस।** फ्रांस के पश्चिमी क्षेत्र में भूकंप के शक्तिशाली झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 रिकार्ड की गई है। इससे कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। 1100 से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो गई।



फ्रांस के भूकंप विज्ञानियों ने कहा है कि 2000 के दशक के बाद देश में इस तीव्रता का भूकंप आया है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (राष्ट्रीय नेटवर्क रेनास) ने कहा है भूकंप की तीव्रता 5.3 रही। मगर फ्रेंच सेंट्रल सीस्मोलॉजिकल ब्यूरो ने रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बताई है। यह झटके उत्तर में रेन्नेस और दक्षिण-पश्चिम में बोर्डो तक महसूस किए गए।

## ठगी मामले में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री समेत 16 आरोपितों को हिरासत में रखने का आदेश

**काठमांडू।** नेपाल की एक अदालत ने भूटानी शरणार्थियों से ठगी के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी और पूर्व गृहमंत्री बालकृष्ण खान समेत 16 आरोपितों को मामले के निष्कर्ष तक हिरासत में रखने का आदेश दिया है।



काठमांडू जिला अदालत ने यह आदेश पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले के अंतिम निष्कर्ष तक संबंधित आरोपितों को हिरासत में रखा जाए। 22 मई को सरकारी वकील के कार्यालय ने राज्य के खिलाफ अपराधों के तीन मामलों में 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें 16 गिरफ्तार किए गए थे और 17 फरार थे। उन पर भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजकर लाखों डॉलर की ठगी करने का आरोप है।

## बोले बिलावल, अविश्वास की चपेट में हैं भारत-पाकिस्तान संबंध

**–दावा, शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में आना चाहते थे शहबाज शरीफ**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के संबंध अविश्वास के माहौल की चपेट में हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रैटेजिक स्टडीज इस्लामाबाद की 50वीं सालगिरह पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आपसी सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर भारत के साथ 'अच्छे पड़ोसी संबंध' रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बिलावल ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक जल्द भारत में होने वाली है। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान इस बैठक में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तरीकों की तलाश कर रहा था, लेकिन भारत ने डिजिटल बैठक




आयोजित करने की घोषणा कर दी। पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन, संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संगठनों के माध्यम से भारत के साथ बातचीत करने को प्रतिबद्ध है।

बिलावल ने कहा कि पाकिस्तान परस्पर सम्मान और संप्रभु समानता के आधार पर भारत के साथ सहयोगात्मक और अच्छे पड़ोसियों वाले संबंध बनाए रखने को भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के साथ रूस, यूरोप, जापान और कोरिया सहित सभी प्रमुख शक्तियों के साथ पाकिस्तान अच्छे संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पेंटागन पेपर्स लीक कर अमेरिका में सनसनी फैलाने वाले डेनियल एल्सबर्ग का निधन

**वाशिंगटन।** दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' के दस्तावेजों को लीक करने वाले व्हिसलब्लोअर डेनियल एल्सबर्ग का कैलिफोर्निया के केंगसिंग्टन में निधन हो गया। उन्होंने 92 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उन्हें कैंसर था।

पेंटागन के यह दस्तावेज वियातनम युद्ध से संबंधित थे। इनके लीक होने से अमेरिका में सनसनी फैल गई थी। डेनियल एल्सबर्ग को फरवरी में अग्नाशय के कैंसर का पता चला था। उन्होंने कीमोथेरेपी उपचार से इनकार कर दिया था। डेनियल का जन्म सात अप्रैल, 1931 को हुआ था। संयुक्त राज्य अमेरिका के सैन्य विश्लेषक डेनियल ने यह दस्वावेज साल 1971 में अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स , वाशिंगटन पोस्ट आदि को उपलब्ध कराए थे। इनके छपने पर अमेरिकी सरकार हिल गई थी। टाइम पत्रिका ने



डेनियल के फोटो को कवर पेज पर स्थान देकर सम्मान दिया था। उन्हें 2006 में राइट लाइवलीहुड अवार्ड से सम्मानित किया गया।

तीन जनवरी, 1973 को एल्सबर्ग पर जासूसी अधिनियम के तहत चोरी और साजिश के अन्य आरोपों पर सुनवाई पूरी हुई। इन आरोपों पर उन्हें कुल 115 साल की सजा हो सकती थी। इस मुकदमे में उनकी पैरवी लियोनार्ड बौडिन और हार्वर्ड लॉ स्कूल के प्रोफेसर चार्ल्स नेसन ने की। नतीजतन 11 मई 1973 को न्यायाधीश विलियम मैथ्यू बर्न जूनियर ने एल्सबर्ग के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया।

## किराया नहीं दे पा रहे मस्क, ट्विटर को खाली करना पड़ेगा अमेरिका के कोलोराडो का दफ्तर

**वाशिंगटन।** ट्विटर खरीदने के बाद एलन मस्क तमाम कोशिशों के बावजूद लाभकारी स्थितियों में नहीं पहुंच पा रहे हैं। हालात ये हैं कि अमेरिका में ट्विटर के कई दफ्तरों का किराया तक नहीं अदा कर पा रहे हैं। अब अमेरिका के कोलोराडो स्थित दफ्तर ट्विटर को खाली करना पड़ेगा। अदालत ने इस आशय के आदेश जारी कर दिये हैं।

ट्विटर को घाटे से उबारने के लिए एलन मस्क कई देशों में ट्विटर के दफ्तर बंद भी कर चुके हैं और छंटनी भी कर चुके हैं किन्तु ट्विटर लाभ की स्थिति में नहीं पहुंच सका है। अब अमेरिका को कोलोराडो और सैनफ्रांसिस्को स्थित दफ्तरों का किराया तक न चुका पाने की समस्या भी सामने आई है। कोलोराडो स्थित दफ्तर का किराया न चुका पाने के कारण अदालत ने ट्विटर को दफ्तर खाली करने का आदेश दिया है। दरअसल कोर्ट ने ट्विटर को 31



मई तक का समय दिया था।

अब पुलिस को दफ्तर खाली कराकर मकान मालिक को सौंपने के निर्देश दिये गए हैं। ट्विटर ने कोलोराडो में अपने दफ्तर के लिए फरवरी 2020 में चार बिल्डिंग किराए पर ली थीं। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, ट्विटर ने इसके लिए किराया भी नहीं चुकाया। इसके बाद अपनी इमारत की किराया वसूली के लिए मकान मालिक ने ट्विटर को नोटिस भी भेजा, लेकिन कंपनी की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इस साल मार्च के अंत तक मकान मालिक ने ट्विटर की ओर से जमा किए गए 9 लाख 68 हजार डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) के लेटर ऑफ क्रेडिट (जमाराशि) को ही किराया मानकर कंपनी की लीज जारी रखी। इस लेटर ऑफ क्रेडिट को लीज के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट भी माना जाता है। हालांकि, लेटर ऑफ क्रेडिट खत्म होने के बाद भी जब ट्विटर ने किराया नहीं चुकाया तो मकानमालिक ने कंपनी से फिर से सिक्योरिटी डिपॉजिट भरने को कहा। इस मांग को ट्विटर की ओर से ठुकरा दिया गया। बाद में मकानमालिक ने ट्विटर के खिलाफ केस किया और किराए के तौर पर 93 हजार 500 डॉलर (करीब 76 लाख रुपये) न चुकाने का आरोप लगाया।

## हरिकृष्ण कार्की बने नेपाल के चीफ जस्टिस

**काठमांडू।** हरिकृष्ण कार्की को नेपाल का चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है। उन्हें चीफ जस्टिस के रूप में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शपथ दिलाई। वह नेपाल के 30वें चीफ जस्टिस हैं। अगले 50 दिन तक ही चीफ जस्टिस बने रहेंगे। सात साल पहले जज बनने से पहले




कार्की सीपीएन-यूएमएल से जुड़े थे। यूएमएल अध्यक्ष ओली जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब वह अटॉर्नी जनरल थे। कार्की के नाम को आज संसदीय समिति ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। फरवरी 2022 में चीफ जस्टिस चोलेंद्र शमशेर राणा के महाभियोग के बाद खाली हुए पद पर कार्की को नियुक्त किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में व्हाइट हाउस में तिरंगा लहराया

**अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास के बाहर एक साथ लहरा रहे दोनों देशों के राष्ट्रीय ध्वज**

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका आगमन पर स्वागत की तैयारी तेजी के साथ शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय यात्रा पर यहां 21 जून को पहुंच रहे हैं। अमेरिकी सरकार भी भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर बेहद उत्सुक है। इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास व्हाइट हाउस के बाहर भारतीय तिरंगा (राष्ट्रीय ध्वज) और अमेरिकी झंडे (देश के राष्ट्रीय ध्वज) को एक साथ लहराया गया।

यह देखकर भारतीय मूल के नागरिक प्रसन्न हैं। वह इसे भारत के सम्मान और गर्व की दृष्टि से देख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रधानमंत्री मोदी 23 जून को यहां रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग ऐंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में विभिन्न हिस्सों से पहुंचे आमंत्रित नेताओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भारतीय नेता के सम्मान में



दोपहरकालीन भोज की मेजबानी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका दौरे के प्रथम दिन 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह की अगुवाई करेंगे।

22 जून को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से वाशिंगटन में उनकी मुलाकात का कार्यक्रम तय है। 22 जून को ही बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडेन भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में आयोजित राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 22 जून को ही अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी वाशिंगटन में प्रमुख कंपनियों के सीईओ, पेशेवरों, अन्य हितधारकों के साथ बातचीत भी करेंगे।

## ईडी ने पेंडोरा पेपर्स लीक मामले में 30.60 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेंडोरा पेपर्स लीक मामले में 30.60 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन (फेमा) के प्रावधानों के उल्लंघन मामले में विक्रम स्वरूप और गौरव स्वरूप से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश को जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को जारी बयान में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि पेंडोरा पेपर नामक वैश्विक वित्तीय डेटा लीक के दौरान जिन दो भाइयों विक्रम स्वरूप और गौरव स्वरूप के नाम सामने आए थे, उनके खिलाफ फेमा उल्लंघन के कथित मामले में प्रतिभूतियों में किए गए 30.60 करोड़ रुपये मूल्य के निवेश को जब्त किया गया है।



जांच एजेंसी के मुताबिक पेंडोरा पेपर मामले में भारतीय व्यवसायी विक्रम स्वरूप और गौरव स्वरूप ह्याएप्सिलॉन एंटरप्राइजेज लिमिटेडह्न के बैंक खातों में लाभार्थी थे। ये खाते स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, जर्सी और बैंक जे सफरा सरसिन, स्विट्जरलैंड में थे। ईडी ने बताया कि जांच में पाया गया कि स्वरूप बंधुओं के पास इन खातों में विदेशी मुद्रा के रूप में संपत्ति थी, जो विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) 1999 की धारा चार का उल्लंघन है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## फिलिप ग्रीन होंगे भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त

**केनबरा।** भारत में ऑस्ट्रेलिया के नए उच्चायुक्त का जिम्मा अब फिलिप ग्रीन को सौंपा गया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने जानकारी दी कि इस समय जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत फिलिप ग्रीन अब भारत में उच्चायुक्त का दायित्व संभालेंगे। वे भारत में ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा उच्चायुक्त ओ फॅरेल की जगह लेंगे। पेनी वोंग ने तहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के घनिष्ठ संबंध लगातार विस्तार ले रहे हैं। दोनों देश आपस में दृष्टिकोण, चुनौतियों और एक लोकतांत्रिक विरासत को साझा करते हैं। व्यापक रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से और क्वाड भागीदारों के रूप में दोनों देश एक शांतिपूर्ण और स्थिर रिश्ते को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक साझेदारी है, जो एक महत्वाकांक्षी व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करने के साथ-साथ बढ़ेगी। ऑस्टेलियाई विदेश मंत्री ने कहा कि आज फिलिप ग्रीन को भारत में ऑस्ट्रेलिया के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। ग्रीन विदेश मामलों



और व्यापार विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। इस समय वे जर्मनी में ऑस्ट्रेलिया के राजदूत की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ग्रीन पहले भी सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और केन्या जैसे कई देशों में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त के रूप में काम कर चुके हैं।

## नेपाल की संसद में मुस्लिम सदस्य ने हिंदू महिलाओं की अस्मिता का मुद्दा उठाया

**काठमांडू।** नेपाल की संसद में एक मुस्लिम सांसद ने हिंदू महिलाओं की अस्मिता की बड़ी लड़ाई के पक्ष में बड़ी बात कही। जनमत पार्टी के सदस्य अब्दुल खान ने कहा कि हिंदू महिलाओं के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रभावी गैरवाजिब प्रतिबंधों की आज के संदर्भ में कोई जरूरत नहीं है। अब्दुल खान ने राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए फोटो खिंचवाते वक्त हिंदू महिलाओं को सिंदूर एवं टीका पोछने के नियम का विरोध करते हुए इस नियम को खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने लगाए हुए सिंदूर को पोंछना होता है, सिर से दुपट्टा उतारना होता है, कंठी



उतारनी होती है। खान ने कहा कि इस बाध्यकारी नियम को हटाया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि नेपाल की 81 फीसदी आबादी हिंदू है। नेपाल में एक नियम है कि राष्ट्रीय पहचान पत्र के लिए फोटो खिंचवाते समय हिंदू महिलाओं को सिंदूर पोंछना पड़ता है। पुरुषों को टोपी पहनने की अनुमति नहीं है। इसके देशव्यापी विरोध के बावजूद सरकार ने नियम बना रखे हैं।

## स्वदेशी तकनीकों के क्रियान्वयन का नया केंद्र है बरौनी रिफाइनरी : निदेशक (आर एंड डी)

**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) डॉ. एस.एस.वी. रामाकुमार ने बरौनी रिफाइनरी का दौरा किया। इस दौरान यूनिट का दौरा करने के साथ विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक एवं पौधारोपण भी किया।

डॉ. रामाकुमार ने बरौनी रिफाइनरी में इंडजेट यूनिट, एमएसक्यू कंट्रोल रूम, बीआर-09 परियोजना स्थल और डीईएफ प्लांट आदि का दौरा किया। ऑफिसर क्लब में कर्मचारियों के साथ संवाद में उन्होंने कहा कि इंडजेट, इंडमैक्स, इंड-कोक जैसी तकनीकों और जैव-समाधानों की मेजबानी के साथ बरौनी रिफाइनरी, इंडियन ऑयल आरएंडडी द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीकों को क्रियान्वयन करने का नया केंद्र है। रिफाइनरियों के भविष्य पर उन्होने कहा कि अपने देश में आने वाले दशकों में पारंपरिक ईंधन की मांग में वृद्धि होने वाली है। यह इंडियन ऑयल द्वारा हमारी रिफाइनरियों के विस्तार को बल प्रदान करता है। इसके साथ ही भविष्य में रिफाइनरियों के सतत विकास के लिए इंडियन ऑयल रिफाइनरियों के पेट्रोकेमिकल एकीकरण में भी निवेश कर रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छ और हरित पर्यावरण का संदेश देने के लिए डॉ. रामाकुमार के नेतृत्व में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत बरौनी रिफाइनरी के गेस्ट हाउस से की गई। इस रैली में डॉ. रामाकुमार के साथ बरौनी रिफाइनरी के अधिकारी, सीआईएसएफ, बीटीएमयू और आईओओए के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इसके बाद सीआईएसएफ के डीसी नवीन कुमार के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बरौनी रिफाइनरी के ध्येय "हर कदम प्रकृति के संग" को चरितार्थ करते हुए बरौनी रिफाइनरी इको पार्क में वरिष्ठ अधिकारियों, बीटीएमयू और आईओओए के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डॉ. रामाकुमार ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने बरौनी रिफाइनरी इको पार्क की सराहना की। रिफाइनरी के प्रशासनिक भवन में आयोजित समीक्षा बैठक कर उन्होंने बरौनी रिफाइनरी, ईआरपीएल तथा मार्केटिंग डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। इस दौरान उप महाप्रबंधक (टीएस) देवराज अर्श एवं मुख्य प्रबंधक (ईएमएस, सीएसआर) नीरज कुमार ने रिफाइनरी पर विस्तृत प्रस्तुति दी। जबकि, अनुसंधान एवं विकास केंद्र के कार्यपालक निदेशक (आरटी) डॉ. मधुसूदन साव ने इंडियन ऑयल द्वारा विकसित विभिन्न स्वदेशी तकनीकों पर प्रस्तुति दी।